सुप्रभात
रांची, शनिवार
24.08.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 45



12 तीसरी बार भी देश के सबसे लोकप्रिय सीएम बने योगी

## स्व. बिनोद बिहारी महतो
की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर
की लाखों बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से
सिंदूर मैदान, हजारीबाग


**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

46 लाख से अधिक निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 333644 (Women,Child Development &Social Security) IPRD 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## राज्यपाल से मिले राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश



**रांची।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले। दोनों नेताओं की यह शिष्टाचार भेंट थी।

**मोरहाबादी मैदान बना रणक्षेत्र**

# भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस में भिड़ंत

## पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, विधायक समेत कई नेता-कार्यकर्ता घायल







**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में युवा आक्रोश रैली के दौरान हजारों बीजेपी कार्यकर्ता रांची पहुंचे थे। मोरहाबादी मैदान से सीएम आवास जाने के दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। दोपहर दो बजे के करीब मोरहाबादी मैदान से कार्यकर्ता सीएम आवास को घेरने के लिये निकल पड़े। बैरिकेडिंग को तोड़ने का प्रयास किया। एसएसपी की अगुवाई में पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने के लिये अश्रु गैस के गोले छोड़े, वाटर कैनन से पानी की बौछार की गयी। पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने के लिये कई राउंड चिली बम का भी सहारा लिया। दो घंटे तक मोरहाबादी मैदान चिली बम के धमाकों से गूंजता रहा। जब कार्यकर्ताओं पर पुलिस की ओर से वाटर कैनन फेंका जा रहा था तो कार्यकर्ता उन पर पत्थर फेंक रहे थे। इसी बीच पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर बैरिकेडिंग के समीप लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में कई कार्यकर्ता चोटिल हो गये। ऑक्सीजन पार्क के नजदीक पुलिस और भाजयुमो कार्यकर्ता के बीच झड़प हुई। पुलिस के द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पानी की बौछार किया गया। जिसमें बीजेपी के कई नेता कार्यकर्ता घायल हुए। बीजेपी विधायक सीपी सिंह, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह भी चोटिल हुए।

## लाठीचार्ज की घटना की हो न्यायिक जांच : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- राज्य सरकार की बर्बर कार्रवाई लोकतंत्र के लिये काला दिन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मोरहाबादी मैदान में आक्रोश रैली की सभा के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिये शांतिपूर्वक मार्च निकाल रहे भाजपा नेताओं और कार्यकताओं पर जिस प्रकार का रवैया राज्य सरकार ने दिखाया वह कायरतापूर्ण है। बर्बर तरीके से आंसू गैस और वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। आज का दिन लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। आंसू गैस के गोले दागे गये और लाठियां भांजी गयी। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत, घबराहट, आंखों से देखने में परेशानी हो रही थी। आंसू गैस के गोले, प्लास्टिक की गोलियां काफी तेज आवाज में चलाई गई। आंसू गैस के गोले मंच के आसपास भी गिरे। राज्य सरकार द्वारा सुनियोजित तरीके से यह कार्रवाई की गई है। मोरहाबादी मैदान के आसपास तीन लेयर में कंटीले तार लगाये गये थे। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गये। इनका रिम्स और अन्य अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिये हेमंत सरकार के हर दमनकारी कदम का मुंहतोड़ जवाब देगी। आज जिस अलोकतांत्रिक तरीके से युवाओं-बेरोजगारों को रांची आने से रोका गया और मेरे संबोधन के दौरान जिस प्रकार से आंसू गैस छोड़कर नुकसान पहुंचाने एवं बाधा डालकर जनमानस को उकसाने का प्रयास किया गया, हम इसके न्यायिक जांच की मांग करते हैं।

इधर, हेमंत सरकार के खिलाफ आयोजित युवा आक्रोश रैली में भाग लेने आ रहे युवाओं को रोके जाने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि युवाओं का आक्रोश बताता है कि हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

**युवा आक्रोश रैली में भाजपा के बड़े नेता से लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे थे युवा कार्यकर्ता**

मोरहाबादी मैदान में चल रहे युवा आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जुटे। पुलिस की ओर से मोरहाबादी से लेकर कांके रोड, हॉटलिप्स चौक, रांची कॉलेज मैदान, ऑक्सीजन पार्क समेत कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाया गया था। आक्रोश रैली में शामिल नेता कार्यकर्ता दूसरे रास्ते से सीएम आवास नहीं पहुंचे, इसके लिये हॉकी स्टेडियम के दोनों गेट में ताला बंद कर दिया गया था।

## मोदी के वादे 20 करोड़ को नौकरी का क्या हुआ, भाजपा कुछ तो बोले: सुप्रियो

**झामुमो ने भाजपा की रैली को उपद्रवियों का कार्यक्रम करार देते हुए केंद्र व भाजपा पर तीखे प्रहार किया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने भाजपा के युवा आक्रोश रैली को उपद्रवियों का कार्यक्रम करार देते हुए केंद्र व भाजपा पर तीखे प्रहार किया। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह आक्रोश राज्य सरकार से नहीं, बल्कि केंद्र सरकार से था। पिछले संसद सत्र में रोजगार मंत्री ने स्वीकार किया था कि देश में 2024 के जुलाई महीने में बेरोजगारी दर पर अपने सर्वोच्च स्तर 9.2 प्रतिशत पर रही।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो महासचिव ने कहा कि देश भर में सबसे अधिक बेरोजगारी सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में 23%, मध्य प्रदेश में 19% और 11.13% गुजरात में है. तीनों राज्य में भाजपा लंबे समय से सत्ता में है। उसी आंकड़े में 23वें स्थान पर झारखंड है, जहां बेरोजगारी दर 3.4% है। उन्होंने दावा किया कि युवाओं का असली आक्रोश तो युवाओं का मोदी सरकार के खिलाफ है। पहले तो सेना, अर्धसैनिक बल, रेल, बैंक में भर्ती होती थी, मगर बैंक बिक गये और रेल भी बिक गया। 2014 में मोदी सरकार इस नारे के साथ सत्ता में आयी थी कि हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा नेताओं से पूछना चाहिए कि 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां कहां गईं।

**हमारी सरकार ने रोजगार को बढ़ावा दिया**

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, मुख्यमंत्री समृद्धि योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए कई योजनाएं लायीं। जो सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे मुख्यमंत्री मईया योजना, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम ये तमाम चीजें को करने में दिक्कतें आयीं, मगर फिर हम कभी अपने दायित्व से पीछे नहीं हटे। एक-एक मुहल्ले, पंचायत में मंत्री, अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक ट्रैक्टर में बैठ कर गांवों तक पहुंचे।

**85 करोड़ को मिल रहा अनाज, गरीबी बढ़ी**

सुप्रियो ने कहा कि 2014 के पहले मात्र 22 करोड़ लोगों को अनाज दिया जाता था, जो आज 85 करोड़ हो गए। मतलब लोग गरीब होते चले गए और भाजपा के लोग रोजगार-रोजगार चिल्ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में हमारी सरकार ने सरकारी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में नियोजन पर भी ध्यान दिया।

**राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति ली थी, मगर पहुंच गए उपद्रवी**

विपक्षी दल ने प्रशासन को जानकारी दी थी कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा लोकतांत्रित तरीके से एक राजनीतिक कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा। इसकी अनुमति भी मिली, मगर पुलिस पर पत्थरों से हमले हुए, कई पुलिस कर्मी भी घायल हुए। इसके बावजूद पुलिस के संयम के कारण बड़ा हादसा टल गया। सभा स्थल पर कोई बेरेगेंडिग नहीं की गयी थी। मुख्यमंत्री निवास के इर्द-गिर्द जहां निषेधाज्ञा थी। वहां पर पहुंचना उचित नहीं था। भाजपा की रैली में कार्यकर्ता कम और उपद्रवी ज्यादा थे। उनके हाथ में कटर, गुलेल, पत्थर, लाठी-डंडे थे।

## हेमंत की लोकप्रियता से बौखला गये हैं भगवाधारी : विनोद पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने भाजपा की आक्रोश महारैली और पुलिस से जबरदस्ती उलझने पर पलटवार किया है। पार्टी केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि धर्म, जाति, वैमनस्य, संप्रदायिकता फैलाने की मानसिकता रखने वाली भाजपा के नापाक मंसूबे झारखंड की सरजमीं पर कभी कामयाब नहीं हो सकेंगे। केंद्र और भाजपा का भेदभाव पूर्ण रवैया जगजाहिर हो चुका है। ये भगवाधारी हेमंत की लोकप्रियता से घबरा गए हैं।

हर साल दो करोड़ रोजगार देने





का जवाब मोदी जी से क्यों नहीं मांगते।

पांडेय ने कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा हर साल दी करोड़ रोजगार देने का वादा करके आई थी, लेकिन दस वर्षों से देश के नौजवानों को केवल ठगा गया है। इसका जवाब भी मोदी से क्यों नहीं मांगते हैं ये लोग, देश का युवा समझदार है। भाजपा के भेदभाव और साम्प्रदायिक खेल को समझ चुका है। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा बेपर्दा हो चुका है।

**भाजपा की रैली से युवा नदारद :** उन्होंने कहा कि भाजपा की रैली से युवा नदारद रहे। भाजपा के नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए रैली करने नहीं आये थे, उनका उद्देश्य पुलिस को उकसाना था ताकि बलपूर्वक कार्रवाई की जाए। राज्य सरकार को हरेक नागरिक की सुरक्षा की चिंता है। किसी को कानून अपने हाथ में नहीं लेने दिया जा सकता।

## भू-राजस्व विभाग में सात का तबादला छह अंचलों के सीओ भी बदले गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने भू-राजस्व विभाग के सात पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। अंचल अधिकारी राहे रांची अनुज टेटे को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी चक्रधरपुर पश्चिम सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया है। अंचल अधिकारी हैदर नगर पलामू विकास पांडे को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक अंचल अधिकारी राहे रांची के पद पर पद स्थापित किया गया है। अंचल अधिकारी पीपरटांड़ गिरिडीह ऋषिकेश मरांडी को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक अंचल अधिकारी मुसाबनी पूर्वी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया है। अंचल अधिकारी चक्रधरपुर गिरजानंद किस्को को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी पीरटांड़ गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रांची रजनी रेजिना इंदवार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी पालकोट गुमला के पद पर पदस्थापित किया गया है। भूमि सुधार उपसमाहर्ता साहिबगंज जयवर्धन कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक भूमि सुधार उप समाहर्ता गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## झारखंड होमगार्ड के 16 कमांडेंट को मिली पोस्टिंग, गृह विभाग ने जारी किया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड होमगार्ड के 16 जिला कमांडेंट की पोस्टिंग की गयी। जिनमें 14 कमांडेंट पोस्टिंग के इंतजार में थे। गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। हरिहर मुंडा को होमगार्ड कमांडेंट जमशेदपुर बनाया गया, इसके अलावा वे सराइकेला होमगार्ड कमांडेंट के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। रवि कुजूर को होमगार्ड कमांडेंट रांची बनाया गया, इसके अलावा वे होमगार्ड कमांडेंट कोडरमा अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। आशीष मिश्रा को होमगार्ड कमांडेंट देवघर बनाया गया। दीपक कुमार को होमगार्ड कमांडेंट पलामू बनाया गया और गढ़वा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। अमरेंद्र कुमार को होमगार्ड कमांडेंट चतरा बनाया गया। सूर्यकांत को होमगार्ड कमांडेंट धनबाद बनाया गया। कौशिक कुमार को होमगार्ड कमांडेंट रांची बनाया गया। मो. इम्तियाज को होमगार्ड कमांडेंट लोहरदगा बनाया गया और लातेहार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। रोहित आनंद को होमगार्ड कमांडेंट हजारीबाग बनाया गया। जितेंद्र सिंह को होमगार्ड कमांडेंट गोड्डा बनाया गया और पाकुड़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। सतीश कुमार को होमगार्ड कमांडेंट दुमका बनाया गया और जामताड़ा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। सूरज कुमार को होमगार्ड कमांडेंट साहेबगंज बनाया गया। चंदन तुरी को होमगार्ड कमांडेंट गुमला बनाया गया और सिमडेगा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। नीलिमा सुरीन को होमगार्ड कमांडेंट रामगढ़ बनाया गया। चारों उरांव को होमगार्ड कमांडेंट चाईबासा बनाया गया और खूंटी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। किरण कुमारी को होमगार्ड कमांडेंट बोकारो बनाया गया।

## चाईबासा में मनरेगा घोटाला मामला : ईडी से हाई कोर्ट ने मांगा अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चाईबासा में मनरेगा घोटाला मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से दो सप्ताह में इस मामले में दर्ज ईसीआईआर केस की अपटूडेट स्टेटस (अब तक की जांच) की रिपोर्ट मांगी है। पिछली सुनवाई में ईडी की ओर से बताया गया कि मामले में दर्ज ईसीआईडी में अनुसंधान जारी है।

इससे पहले सरकार की ओर से कोर्ट को बताया कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज 14 केस में जांच पूरी कर ली है, 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। प्रार्थी का जो आग्रह याचिका में था, वह पूरा हो चुका है इसलिए याचिका निष्पादित की जाए। वहीं प्रार्थी की ओर से मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया गया। जिस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी इस मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई।

**क्या है मामला**

प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था वित्तीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी। बाद में एसीबी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चाईबासा में उक्त तीन वित्तीय वर्षों में मनरेगा कार्यों में अग्रिम राशि का भुगतान तो कर दिया गया था लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं हुआ था। उस समय चाईबासा के डीसी के श्रीनिवासन थे। बता दें कि चाईबासा में मनरेगा में घोटाला की जांच को लेकर प्रार्थी ने वर्ष 2013 में जनहित याचिका दाखिल की थी, बाद में कोर्ट ने इस मामले को निष्पादित कर दिया था। इसके बाद में प्रार्थी की ओर से वर्ष 2021 में फिर से जनहित याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02 , (E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**1st TIME EXTENSION NOTICE**

Important date against EOI No. 117/PR/JUSNL/2024-25 for Expression of interest for empanelment for Internal Auditor for Financial Year's 2023-24, 2024-25 & 2025-26 is hereby extended in following manner:-

| | |
|---|---|
| End date and time of upload of BID | 29.08.2024 up to 04:00 PM |
| BID Opening date for technical & commercial part | 30.08.2024 at 04.00 PM |

This extension notice is also available on the website www.jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR No. 330739

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.333503 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**संशोधित प्रेश विज्ञप्ति (शुद्धि-पत्र)**

इस कार्यालय के निर्गत NIT संख्या 03/2024-25 (PR No. 333434 NREP (24-25) D) द्वारा निर्गत निविदा के कंडिका 04 में अंकित भवन निर्माण विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे के स्थान पर **"भवन निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे"** पढ़ा जाय।

NIT में शेष कंडिका यथावत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
गुमला

PR 333562 NREP (24-25)_D



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।**
अतिअल्पकालीन नीलामी
हाट–बाजार, जयनगर एवं मरकच्चो

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 (केवल 01 अक्टूबर 2024 से 30 सितम्बर 2025 तक) के लिए प्रखण्ड जयनगर एवं मरकच्चो अन्तर्गत पूर्ण रूप से तैयार हाट–बाजार की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्र0सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पेठियाबागी हाट–बाजार, जयनगर प्रखण्ड | 1,00,000.00 | 10,000.00 | 31/08/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |
| 2 | हाट–बाजार, मरकच्चो प्रखण्ड | 3,00,000.00 | 30,000.00 | 31/08/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा।

PR 333546 (Panchayati Raj) 24-25 (D)



**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग**
(सदर अस्पताल कैम्पस, हजारीबाग) Email – cs.hazaribagh5@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा संख्या –03/DHS/HZB/2024–25**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार हेतु SPIP/DRE अंतर्गत किये जाने वाले प्रिंटिंग संबंधी कार्यो के संपादन के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक निविदा दाताओं (जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण हो) से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा से संबंधित निविदा प्रपत्र (Tender Document) अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से 1000रू (एक हजार रू) का भुगतान बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक **(DRHS, Malaria (NVBDCP), Hazaribagh** के नाम से निर्गत) के माध्यम से करते हुए कार्यालय अवधि में दिनांक 27.08.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है। (निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 31.08.2024 है)

सिविल सर्जन सह मुख्य कार्य0 पदा0, जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग।

PR 333506 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला**

**"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"**
**संख्या –12/2024–25**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 31.08.2024 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.09.2024 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.09.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल संख्या–02, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Repairing & Renovation work of DSP Residence at Gumla | 18,48,700.00 | 37,000.00 | 5000.00 | 4 माह |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गुमला

PR 333521 Building(24-25)#D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)**
Phone Number:- 06526-222064 email-id:zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या –02/2024–25 दिनांक 22.08.2024

| 3 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | कचहरी मोड, रॉची लोहरदगा मुख्य पथ से दरहा देशवाली होते हुए कुटमु मुख्य पथ तक सडक निर्माण | 3497000.00 | 5000.00 | 70000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | लोहरदगा | कचहरी मोड, कुटमु आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र में मॉडल अखडा निर्माण | 4992000.00 | 5000.00 | 99900.00 | 04 (चार) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 03.09.2024 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 09.09.2024/04:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 10.09.2024/04:00 बजे अपराह्न |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR.NO.333484 Lohardaga(24-25):D

सुप्रभात
रांची, शनिवार
24.08.2024
नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 45



12 बिना समय गंवाये बात शुरू करें रूस-यूक्रेन : मोदी

## न्यूज डायरी

### आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम 25 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी।

### 156 दवाओं पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि इन 156 दवाओं में निश्चित मात्रा में खुराक संयोजन तर्कहीन है। मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की गयी जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है।

### राज्य के 324 स्थानों पर होगा विहिप का कार्यक्रम

**रांची।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर 24 अगस्त से एक सितंबर तक झारखंड प्रांत के सभी प्रखंडों में 'षष्टिपूर्ति समारोह' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को विहिप के प्रांतमंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया पूरे प्रांत में 324 स्थानों पर कार्यक्रम की योजना बन चुकी है। इसमें केंद्र, क्षेत्र, प्रांत, विभाग एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कुजू में गोली मारकर एक युवक की हत्या

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सांडी तिलैया स्थित रेलवे ओवरब्रिज पुल के समीप शुक्रवार की देर शाम अपराधियों ने गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय संजय बेदिया के रूप में हुई है। घटना के बाद तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार के लिए सांडी स्थित एक नर्सिंग होम ले गये, फिर वहां से टूटी झरना रेफरल अस्ताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शिक्षा मंत्री के साथ पारा शिक्षकों की बैठक 28 को

**रांची।** वेतनमान के समतुल्य मानदेय बढ़ोतरी के लिए पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) की स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ रांची में 28 अगस्त को बैठक होगी। बैठक में सहायक अध्यापकों के 10 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान वेतनमान, ईपीएफ, कल्याण कोष, अनुकंपा पर नौकरी समेत केस मामले पर निर्णय लिये जाएंगे। मंत्री के साथ 14 अगस्त को भी बैठक हुई थी, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका था।

## युवा आक्रोश रैली : मोरहाबादी रणक्षेत्र में बदला

# भाजपाइयों पर चटकी लाठियां उग्र युवाओं ने बैरिकेडिंग तोड़ी



### उल्टा चोर कोतवाल को डांटे : मुख्यमंत्री

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजयुमो की आक्रोश रैली पर कहा कि जनता में जिन लोगों के खिलाफ आक्रोश है वे लोग ही आक्रोश रैली निकाल रहे हैं। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गयी। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कद्दावर नेता चंपई सोरेन से जुड़े सवालों से बचते नजर आये। पत्रकारों एक जवाब में मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि मेरी उनसे कोई नाराजगी नहीं है।

**भाजपा ने लगाया आरोप**

पुलिस ने सुनियोजित तरीके से आंसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछार के साथ लाठीचार्ज किया



**रैली में पांच भाजपा कार्यकर्ता घायल :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन आवास की ओर से आने वाले रास्ते में लगी बैरिकेडिंग को तोड़ दिया था। इसके बाद आंसू गैस के साथ कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी किया गया। इससे भाजपा कार्यकर्ता भी पुलिस पर बोतलें फेंकने लगे। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस रॉकेट पटाखे छोड़ने लगी। बोकारो नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल गौतम समेत पांच भाजपा कार्यकर्ता घायल बताये गये।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में शुक्रवार को दोपहर बाद मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र में बदल गया। दरअसल, भाजयुमो के नेतृत्व में युवा आक्रोश रैली के दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे व वाटर कैनन से पानी की बौछार की जिससे चारो ओर भगदड़ मची थी। भाजपा का आरोप है कि पुलिस ने सुनियोजित तरीके से लाठीचार्ज और उकसाने वाली कार्रवाई की। दर्जनों घायल भाजपा कार्यकर्ताओं को ईलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया गया है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच की मांग की है। वहीं, एसएसपी चंदन सिन्हा के अनुसार उग्र युवाओं की भीड़ ने पत्थरबाजी की। इसके कारण एक से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गये।

दरअसल, युवा आक्रोश रैली के दौरान भाजपा के दर्जन भर दिग्गज नेता मौजूद थे। पूरे राज्य से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता यहां पहुंचे थे। रैली के बाद भाजपाई मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करना चाह रहे थे। इसी रस्साकशी में पुलिस और आंदोलनकारियों में भिडंत हो गयी। आक्रोश रैली में शामिल कार्यकर्ताओं के उग्र होने के कारण पुलिस ने उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन से पानी की बौछार किया और लाठीचार्ज भी किया गया। इसके बाद मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र में बदल गया। शिबू सोरेन के आवास से आने वाले रास्ते में पानी की बौछार की जा रही थी। बाबूलाल के आवास की ओर जाने वाले रास्ते में भी आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया जा रहा था। शाम पांच बजे तक मोरहाबादी में भगदड़ की स्थिति बनी रहीं।

## झामुमो ने निकाला झारखंडी अधिकार मार्च

# झारखंड का ₹1.36 लाख करोड़ जल्द दे केंद्र : झामुमो

**झामुमो ने लगाया आरोप**

झारखंड में विकास करने वाली सरकार को अस्थिर करने में लगी है केंद्र की भाजपा सरकार

**झामुमो कार्यकर्ताओं ने राजभवन पर भी साधा निशाना**

झारखंड के लोगों की आकांक्षा के अनुरूप हेमंत सरकार के फैसले को राजभवन लागू होने नहीं देता। कोल इंडिया का हेडक्वार्टर झारखंड का अधिकार है, लेकिन इस पर केंद्र की भाजपा सरकार का मौन रहना चिंताजनक।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से शुक्रवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में झारखंडी अधिकार मार्च निकाल कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से झारखंड का अधिकार झारखंडियों को देने की मांग की गयी। अलग-अलग जिले में झामुमो जिला समिति के मार्च में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पार्टी के झंडे-बैनर के साथ शामिल हुए और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को झारखंड और झारखंडी विरोधी करार दिया।

**राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी हुईं अधिकार मार्च में शामिल :** राजधानी रांची में झामुमो का झारखंडी अधिकार मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से निकलकर अमर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक तक गया, जिसमें झामुमो जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल के साथ राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी भी शामिल हुईं।

झामुमो नेताओं ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में विकास करने वाली सरकार बनी है, तब से लगातार भाजपा सरकार को अस्थिर करने में लगी है।

वक्ताओं ने कहा कि झारखंड का एक लाख, छत्तीस हजार करोड़ रुपये केंद्र अपने पास रोके हुए हैं। झारखंड के लोगों की आकांक्षा को पूरी करने के लिए जो भी फैसले हेमंत सरकार लेती है उसे राजभवन का उपयोग कर लागू नहीं होने देती। झारखंड की मिट्टी, झारखंड का पानी और झारखंड के कोयले से देश-दुनिया रोशन हो रहा है और हम झारखंडियों की किस्मत में विस्थापन और प्रदूषण आता है।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि कोल इंडिया का हेडक्वार्टर मिले यह झारखंड का अधिकार है, लेकिन इस पर केंद्र की सरकार का मौन रहना चिंताजनक है। उन्होंने झारखंड का एक लाख, छत्तीस हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार से अविलंब देने की मांग की।

**युवाओं को भ्रम में डालने के लिए भाजयुमो ने निकाला आक्रोश मार्च :** महुआ माजी ने कहा कि राज्य के युवाओं का भविष्य खराब करने वाली दिल्ली की केंद्र सरकार से सवाल पूछने की जगह भाजयुमो के नेताओं ने युवाओं को भ्रमित करने के लिए आक्रोश रैली की।

# जलस्रोतों पर अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे सरकार : कोर्ट

**राज्य सरकार को हाई कोर्ट का सख्त निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर सख्त है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने शुक्रवार को धुर्वा डैम, गेतलसूत डैम, कांके डैम और हरमू नदी समेत अन्य जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए राज्य सरकार को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने तीन सप्ताह में अतिक्रमण हटाने को लेकर वृहद अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को इस संबंध में एक्शन प्लान बनाने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि लगातार ग्राउंड वाटर के नीचे जाने की वजह से हम रिजर्व वाटर बॉडी पर आश्रित हो रहे हैं। ऐसे में अगर यह भी अतिक्रमण का शिकार हो जायेंगे तो पाइपलाइन से जलापूर्ति का विकल्प भी समाप्त हो जायेगा और भविष्य में हमें गहरे जल संकट से जूझना होगा, इसलिए जरूरी है कि इनके अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो।

बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जल स्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गयी है।



### होमगार्ड के जवानों को 25 अगस्त 2017 से बढ़े हुए वेतन का लाभ दें : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने होम गार्ड के जवानों को 25 अगस्त, 2017 से बढ़े हुए वेतन का लाभ देने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। होम गार्ड के जवानों की अवमानना याचिका पर शुक्रवार को जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने सुनवाई की।

दरअसल 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है, लेकिन हाई कोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना होगा। अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के अंदर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। यह जानकारी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कु. तिवारी ने दी।

**आरजी कर अस्पताल**

### सीबीआई वित्तीय अनियमितताओं की भी करेगी जांच

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल पीठ ने शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अबतक हुए वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। यह अनियमितताएं पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान सामने आयी थीं। मेडिकल कॉलेज के पूर्व उप चिकित्सा अधीक्षक अख्तर अली की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राजर्षि भारद्वाज ने कहा कि वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच कोर्ट की निगरानी में की जाएगी। जस्टिस भारद्वाज ने प. बंगाल सरकार की एसआईटी को भी निर्देश दिया कि वह संबंधित दस्तावेज शनिवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंप दे। कोर्ट ने सीबीआई को अगले तीन सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट भी अदालत में पेश करने का आदेश दिया। सीबीआई वित्तीय अनियमितताओं की जांच, अस्पताल परिसर में महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या की जांच के साथ ही करेगी।

# भारतीय पर्यटकों की बस नेपाल में नदी में गिरी, 27 शव बरामद

**भीषण दुर्घटना**

**एजेंसी**

**काठमांड।** गोरखपुर से नेपाल जा रही एक बस शुक्रवार को तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गयी। बस में सवार 43 लोगों में से 27 यात्रियों के शव बरामद किये हैं। घटनास्थल से 16 घायल लोगों को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपाली सेना का एक हेलीकॉप्टर मेडिकल टीम के साथ दुर्घटनास्थल पर नदी में गिरे लोगों की खोजबीन के लिए लगाया गया। डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने बताया कि भारत के गोरखपुर से 40 यात्री दो दिन पहले ही बस (यूपी-53 एफटी 7623) से पोखरा आये थे। शुक्रवार सुबह पोखरा से काठमांडू जा रही यह बस तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गई। तनहूं के डीएसपी दीपक कुमार राय ने कहा कि बचाव कार्य के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गयी। बस सवार पर सभी पर्यटक महाराष्ट्र के हैं।



### मप्र में यात्री बस पलटी 5 की मौत, 40 घायल

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में गुरुवार देर रात भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि 40 लोग घायल हो गये। भोपाल से हैदराबाद जा रही वर्मा ट्रेवल्स की यात्री बस नागपुर-भोपाल एनएच-47 में पांढुर्णा के मोहि घाट पर अनियंत्रित होकर पलट गयी। पुलिस ने घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पांढुर्णा सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि जिन घायलों को अस्पताल लाया गया था उनमें से पांच की मौत हो गयी है। अन्य का इलाज जारी है। हादसे के समय बस में सवार यात्री अभिजीत कंडू ने बताया कि हादसे के वक्त बस की स्पीड काफी ज्यादा थी।

### मेडिकल कॉलेजों में बदली जायेगी दीक्षांत समारोह की पोशाक

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया आदेश**

**नयी दिल्ली।** देश के मेडिकल कॉलेजों में दीक्षांत समारोह के दौरान पहनी जाने वाली औपनिवेशिक पोशाक बदली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मेडिकल कॉलेजों को शुक्रवार को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि वर्तमान में मंत्रालय के विभिन्न संस्थानों द्वारा दीक्षांत समारोह के दौरान अभ्यास के रूप में काले वस्त्र और टोपी का उपयोग किया जा रहा है। इस पोशाक की उत्पत्ति यूरोप में मध्य युग में हुई थी और इसे अंग्रेजों ने अपने सभी उपनिवेशों में पेश किया था। उपरोक्त परंपरा एक औपनिवेशिक विरासत है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में लगे एम्स/ आईएनआई सहित मंत्रालय के विभिन्न संस्थान उस राज्य की स्थानीय परंपराओं के आधार पर अपने संस्थान के दीक्षांत समारोह के लिए उपयुक्त भारतीय ड्रेस कोड डिजाइन करेंगे।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 86000 रु./प्रति किलो |




## पर्यावरणविद डॉ कौशल थाईलैंड इंटरनेशनल सेमिनार में हुए शामिल, कहा

# पर्यावरण धर्म भी अपनायें तभी बचेगा जीवन

- थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री ने ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल को एशिया अचीवर समिट और भारत के गौरव अवार्ड से किया सम्मानित

**जतायी चिंता :** जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण को रोका नहीं गया तो डायनासोर की तरह समाप्त हो जायेगा मानव जीवन...

**सत्येंद्र मिश्रा**



**मेदिनीनगर।** बढ़ते जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण को लेकर झारखंड (पलामू) के ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने दुनिया को इसके प्रति अगाह किया है। थाईलैंड के बैंकॉक स्थित हॉलिडे-इन में आयोजित एक सेमिनार में डॉक्टर कौशल ने कहा, यदि समय रहते दुनिया में बढ़ते प्रदूषण और बदलते जलवायु परिवर्तन को अगर हम नहीं रोक सके तो डायनासोर की तरह मानव का जीवन समाप्त हो जायेगा। इससे पूर्व थाईलैंड के पूर्व ड़िप्टी पीएम कॉर्न देमोरेंसी ने डाक्टर कौशल को पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य के लिए एशिया एचीवर्स और भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया।

इस इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन इंडो-थाई फ्रेंडशिप की ओर से किया गया था। मौके पर डॉ कौशल ने कहा, आज दुनिया के तमाम देश जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण की विभीषिका झेल रहे हैं। उन्होंने इस पर अविलंब रोक लगाने का प्रयास करने पर जोर दिया। साथ ही इस पर कैसे काबू पाया जा सकता है, इसके भी कई उपाय बताये। उन्होंने अपने धर्मों के साथ पर्यावरण धर्म को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

**पर्यावरण बचाने के आठ मूल मंत्र:** डॉ. कौशल ने दुनिया के तमाम लोगों से जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण की विभीषिका से बचाने के लिए अपने धर्मों के साथ पर्यावरण धर्म भी अपनाने को कहा। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आठ मूल मंत्र को जीवन दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वयं और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए पर्यावरण धर्म को अपनाना ही विकल्प है। सेमिनार में जुटे कई देशों के वक्ताओं ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद डॉ कौशल के इस अपील की सराहना की। साथ ही सभी को अपने दैनिक जीवन में इसे आत्मसात करने की सलाह भी दी।

# चंपई दा के गढ़ में 28 को हुंकार भरेंगे सीएम हेमंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरायकेला।** झामुमो के बागी नेता कोल्हान टाइगर सह पूर्व सीएम चंपई सोरेन के गढ़ सरायकेला में 28 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हुंकार भरेंगे। वे झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में वहां भाग लेंगे। पहले यह कार्यक्रम पश्चिम सिंहभूम में होनवाला था। अब इसे सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड में कर दिया गया। इस कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल की बहन-बेटियों को 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत राशि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में सरायकेला के साथ पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम के लाभुकों को भी आमंत्रित किया गया है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर मंत्री चंपई सोरेन ने कुछ भी बोलने से इनकार किया। कार्यक्रम में उनके शामिल होने के आसार नहीं हैं।

**झामुमो पर गलत नजर नहीं : चंपई**

पार्टी से से बागी होकर अलग राह पकड़ चुके पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने एकबार फिर साफ कर दिया है कि वह न तो झामुमो को तोड़ने जा रहे हैं न ही वे पार्टी के किसी कार्यकर्ता को अपने पास बुलाने जा रहे हैं। वे एकला चलो की राह पर हैं और किसी अच्छे की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन से उनकी बात नहीं हुई है। अब वह झामुमो की ओर रूख भी नहीं करेंगे।

अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक संपन्न

# एक्सप्रेस वे निर्माण में लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक के बाद एकजुट आदिवासी महासभा के लोग।

**रायडीह।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक रायडीह प्रखंड के परसा में हुई। बैठक में एक निंदा प्रस्ताव पारित कर भारत माला परियोजना के तहत एक्सप्रेस वे निर्माण से प्रभावित परिवारों को भ्रमित करने के स्वार्थी तत्वों के प्रयास की भर्त्सना की गई। साथ ही वैसे अवसर वादी तत्वों को गांव में कोई भी बैठक नहीं करने देने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि हमारे संघर्ष के लगभग डेढ़ साल के दरमियान प्रभावित परिवारों की जिन्होंने कभी सुधि नहीं ली। विधानसभा चुनाव निकट आते ही उन्हें जनता की फि क्र सहसा आने लगी है। वैसे तत्वों से हमें सचेत रहने की जरूरत है। जिस पार्टी के सांसद से मिलने के लिए हम गुमला से उनके पैतृक गांव तक पैदल चलकर गये। लेकिन अब तक उन्होंने जनता की पीड़ा को जानने समझने की बजाय पीसी आयोजित कर गुमला से पत्थलगांव तक एक्सप्रेस-वे के निर्माण पर खुशी का इजहार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ उनके ही दल के लोग सड़क निर्माण को दूसरी तरफ कन्वर्ट करा देने की बातें कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन महासभा उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होने देगी। बैठक को मजदूर यूनियन के सुरेश प्रसाद यादव,मनबहाल उरांव,कांछा उरांव तथा केश्वर उरांव ने भी सम्बोधित किया। बैठक में महासभा द्वारा आयोजित जिला सम्मेलन को लेकर तैयारियां शुरू कर देने और सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सैकड़ों की संख्या में महासभा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छात्रों का मूल मंत्र पढ़ाई ही होना चाहिए : सुखदेव भगत

**खबर मंत्र संवाददाता**


प्रतिनिधिमंडल से मिलते सुखदेव भगत।

▶▶ **एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद सुखदेव भगत से मिलकर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया**

**लोहरदगा।** जिला एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर सांसद बनने पर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर लाइब्रेरी, शौचालय, पुस्तक जैसी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मौके पर सांसद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई ही छात्रों का मूल मंत्र होना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से ही हम आगे बढ़कर समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। छात्रों का पहला उद्देश्य पढ़ाई होना चाहिए और इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सांसद ने कहा कि वह जल्द ही बलदेव साहू महाविद्यालय एवं छात्रावास आएंगे और वहां की समस्याओं से अवगत होकर उनका निदान करने का प्रयास करेंगे साथ ही साथ आपने अभी जो समस्याओं से जो अवगत कराया है उसका भी निदान करने का प्रयास करेंगे।मौके पर एनएसयूआइ के गोविंद भगत, अमन अंसारी, कोल्हाई उरांव, अभियान उरांव, सचित उरांव, आशीष उरांव, रामचंद्र उरांव, अभिषेक उरांव, सजन भगत, निमित उरांव, शुभम शाहदेव, फूलचंद उरांव सहित अनेक छात्र उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव मिशन बदला समर्थित उम्मीदवार समय की जरूरत: गुड़िया

▶▶ **मिशन बदलाव कमाडरा प्रखंड की बैठक संपन्न**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में शामिल सदस्य।

**गुमला।** मिशन बदलाव कामडारा की बैठक रामबालक बड़ाईक की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई।बैठक में मुख्य रूप से मिशन बदलाव के भूषण भगत, अभिनव कुमार और तोरपा विधानसभा के भावी प्रत्यशी जयमंगल गुड़िया और रविन्द्र बड़ाईक शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए भूषण भगत और जयमंगल गुड़िया ने कहा कि मिशन बदलाव समर्थित उम्मीदवार वर्तमान समय की मांग है। क्योंकि हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने समाज के सभी वर्गों को न ध्यान देते हुए अपने सुखमय जीवन को बेहतर बनाने में लगे हुए है। आज शहर से गांव तक सभी लोग त्रस्त है। जिसको सुधारने के लिये अपने समर्थित उम्मीदवार को विधानसभा भेजने की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता तोरपा विधानसभा के प्रत्यशी जयमंगल गुड़िया ने की। मिशन बदलाव के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता संजय बरला, सरिता मुखिया, बिरेन्द्र सुरीन, क्रिस्टीना लकड़ा, कार्यकताओं को मिशन बदलाव के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी और संगठन की मजबूती के लिए सभी साथी अभी से जुट जाएं। वहीं अलग-अलग राजनीतिक दलों के समाजिक विचारधारा के लोग मिशन बदलाव से जुडेंगे। नमन कोंगाडी ने कहा कि मिशन बदलाव से लोंगो को जुड़ना चहिए।

# चेचेपाट की दो सगी बहन ने मिस यूनिवर्स वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल 2024 का जीत खिताब

▶▶ **घाघरा के समाजसेवियों ने दी बधाई**

**प्रवीण साहू**


शिल्ड के साथ दोनों बहनें।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर पंचायत के चेचेपाट निवासी दो सगी बहनें चंद्रमुनि कुजूर और हीरामणि कुजूर ने मिस यूनिवर्स वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल 2024 का खिताब जीता है। वही घाघरा के समाजसेवियों ने दोनों बहनों को बधाई दी है। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने शुक्रवार को दिन के 12 बजे जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में आयोजित मिस यूनिवर्स वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल 2024 के प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने हिस्सा लिया था। इसमें सभी कैटिगरी के मिलकर कई राज्यों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें चंद्रमुनि कुजूर को विनर चुना गया। वही शारीरिक रूप से दिव्यांग हीरामणि कुजूर को भी मिस यूनिवर्स वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल 2024 में स्पेशल विनर बनाया गया। वही दोनों के पिता देसाई पूजार हिमाचल प्रदेश के बिजली विभाग में कार्यरत है। इसके साथ ही वर्तमान में अपनी माता पिरो देवी के साथ रांची सपारोम में पूरा परिवार रहते हैं। कभी कभी पुश्तैनी घर चेचेपाट कोई समारोह में आते हैं। चंद्रमणि कुजूर ने बताया कि मेरे जैसी लड़की ट्राइबल क्षेत्र से आकर इस बेहतर मुकाम तक पहुंचाना बहुत ही बड़ी बात है निश्चित तौर पर मैं ट्राइबल क्षेत्र की बच्चियों को बताना चाहूंगी कि कहीं भी अपना परचम लहराया जा सकता है। आप सभी भी मेहनत करें और बेहतर मुकाम तक पहुंचे। चंद्रमुनि कुजूर ने यह भी बताया कि वह नेशनल लेवल से दो बार जीत हासिल की है।साथ ही चंद्रमणि कुजूर ने यह भी बताया कि झारखंड में नागपुरी एल्बम भी बना रही है। वहीं हीरामणि कुजूर ने कहा कि मैं शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के बावजूद भी मिस यूनिवर्स वर्ल्ड इंटरनेशनल 2024 का किताब स्पेशल विनर के रूप में प्राप्त की हूं। निश्चित तौर पर मैं सभी दिव्यांग बहनों को कहना चाहती हूं कि जो भी दिव्यांग है। मेरी जीत उन लोगों की है।आप अपनी दिव्यांगता को अपनी ताकत बनाएं। आप किसी से कम नहीं।क्योंकि आपको भगवान ने सबसे अलग बनाया है।अगर काबिलियत हो तो आपकी दिब्यांगता आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। आप बेहतर करो सफलता एक न एक दिन जरूर मिलेगी। दोनों ने इस सफलता के लिए अपने माता-पिता और उनके गाइड साधना कुमर मैम और वसीम सर को बताया है। वही बधाई देने वाले लोगों में अनिरुद्ध चौबे, अमित ठाकुर, कृष्णा कुमार लोहरा, आशीष कुमार सोनी, रवि पहान, विनोद उरांव, नीरज साहू, दीपक कुमार, राहुल कुमार सहित कई लोगो के नाम शामिल हैं।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर बच्चों को कराया गया जिला विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**गुमला।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के विद्यालयों में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस तथा इसरो की उपलब्धियों, चंद्रयान आदि की जानकारी दी गई। विभिन्न विद्यालयों में अंतरिक्ष विषय पर मॉडल निर्माण, क्विज तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तर से अंतरिक्ष जिज्ञासा 2024 नामक ऑनलाइन क्विज जारी किया गया है। जिसमें अबतक 12 सौ से अधिक प्रतिभागी भाग ले चुके हैं तथा देर शाम तक ऑनलाइन क्विज जारी है। इस अवसर पर जिले के विद्यालयों के छात्र छात्राओं के जिला विज्ञान केंद्र गुमला के साप्ताहिक शैक्षणिक भ्रमण की शुरूआत कराई गई। जिसके लिए आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रायडीह, एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय रायडीह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम तथा बुनियादी विद्यालय बघिमा पालकोट को आमंत्रित किया गया था।

नई शिक्षा नीति वह राष्ट्रीय पाठ्यचर्या पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

# शिक्षकों के पेशेवर विकास में नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण कड़ी होगी साबित : मिश्रा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुमला में एन ई पी, एनसीएफ और मोटिवेशन पर शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें इंडानिका लर्निंग कंपनी से आए हुए रिसोर्स पर्सन श्री नरेंद्र मिश्रा ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा और मोटिवेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। श्री मिश्रा ने शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम सुधारो और शिक्षण प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरणादायक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। श्री मिश्रा के अनुभव एवं प्रेरणादायक प्रस्तुति की सभी शिक्षकों ने सराहना की। जिससे यह कार्यशाला स्कूल के शिक्षकों की पेशेवर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। स्कूल प्रशासन ने श्री मिश्रा और इंडानिका लर्निंग कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इस दिस इंडानिका पब्लिकेशन की तरफ से सतीश सिंह, अजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल, शिक्षिका मैत्री अधिकारी, रीता कुमारी, प्रिंसी गुप्ता, विनीत गुप्ता, पायल साहू, कविता कुमारी, कीर्ति कुमारी, सुनैना कुमारी, आफरीन इकबाल, अनुप्रिया टोप्पो, मालती कुमारी, सीमा शर्मा, निहारिका सिंह, सोनम सिंह, लवली यादव, संजू दास, सीमा खाखा, आशिया परवीन, मनीष गुप्ता, इपिल सुनीता सुरीन, विपुल कुमार, केसरी कृष्णा, नंदन कुमार, राजेश कुमार खत्री एवं जयकिशोर कुमार उपस्थित थे।

## कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक


बैठक करते कर्मचारी संघ के लोग।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा द्वारा इस वर्ष कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर आयोजित बैठक मे जिला अध्यक्ष किशोर उरांव ने कहा की इस वर्ष के करम पूर्व संध्या समारोह को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया जाएगा। समाहरणालय मैदान परिसर में आयोजित इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही अगली बैठक 28 अगस्त को निर्धारित की गई। उस बैठक में समिति के पदाधिकारी/सदस्य अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष किशोर उरांव, सचिव विनोद उरांव, अभिषेक एक्का, मुख्य सलहकार बिफाई उरांव, मिडिया प्रभारी सुधीर उरांव, बिक्रम उरांव, अंजू कुजूर, रेखा उरांव, अरबिंद उरांव, इंद्रजीत भगत, जयराम असूर, सुजीत उरांव, सुरेंद्र टोप्पो इत्यादि मौजूद थे।

## पलाश के सभी संगठनो का हुआ विशेष बैठक

**लोहरदगा।** मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलाश के निर्देश पर शुक्रवार को लोहरदगा जिला में बने संगठन स्तर पर बने सखी मंडलों, ग्राम संगठनों, संकुल संगठनों के लेखा पुस्तकों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लक्ष्य से संधारण लेखा पुस्तकों के अघतन करने हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सीइओ, पलाश के द्वारा दिये गए निदेर्शों की जानकारी दी गयी। जिसमें लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखंडो में पलाश के अंतर्गत बने हुए सभी सामुदायिक संगठन (5236-सखी मंडल, 341-ग्राम संगठन, 17-संकुल संगठन) में यह विशेष बैठक की गई। इस विशेष बैठक अभियान में सखी मंडलों , ग्राम संगठनो एवं संकुल संगठनो के संधारित लेखा पुस्तकों के अघतन सामुदायिक संगठन के कैडरों, लोहरदगा पलाश एवं प्रखंडो के पदाधिकारी/कर्मीगण के द्वारा किया गया। साथ ही साथ उन सभी के द्वारा लेखा-जोखा अघतन करने पर प्रशिक्षित भी किया गया। इस कार्यक्रम में सखी मंडल की दीदियों ने बढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स को अपडेट करना और सामुदायिक संगठनों में पारदर्शिता लाना था।

## मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से दुर्घटना में घायल मरीज का किया जा रहा है बेहतर इलाज

**लोहरदगा।** नारी नावाडीह निवासी मकबूल अंसारी पिता कुदरत अंसारी उम्र 50 वर्ष विगत 21 अगस्त के रात मे सडक दुर्घटना मे घायल हो गया था। घटना में गंभीर चोट आई जिसे रिम्स मे भर्ती किया गया है। जिसके बेहतर इलाज के लिए मरीज के परिजनों के द्वारा स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से सम्पर्क किया एव उनके बेहतर इलाज के लिए मदद की मांग की। मंत्री डॉ रामेश्वार उरांव के द्वारा मरीज के गंभीर स्थिति को देखते हुए मरिज के बेहतर इलाज के लिए रिम्स प्रबंधक से बात चीत किया और मरिज के बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था उपलब्ध कराया गया। अभी मरीज को आईसीयू मे इलाज किया जा रहा। साथ हि मरीज के इलाज में आर्थिक रूप से भी मदद की बात कही। इसके लिए परिजनों के द्वारा मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को आभार जताया गया।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं0 :- 08/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :- 23.08.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/08/2024-25 | चौपारण | पी0डब्ल्यू0 रोड सवैया से परसावां भाया कब्रिस्तान तक पथ निर्माण कार्य (लं0-2.900 कि0मी0) | 2,95,39,800/- | दो करोड़ पनचान्वे लाख उनचालिस हजार आठ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 2 | RWD/HAZ/MMGSY/09/2024-25 | चौपारण | मध्य विद्यालय केन्दुवारा से हारपुरा भाया केन्दुआ तक पथ निर्माण कार्य (लं0-2.300 कि0मी0) | 2,28,63,500/- | दो करोड़ अठाईस लाख तीरसठ हजार पाँच सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 3 | RWD/HAZ/MMGSY/10/2024-25 | चौपारण | हथिन्दर से मुख्य पथ गुरी भाया भदान तक पथ निर्माण कार्य (लं0-3.00 कि0मी0) | 2,90,30,400/- | दो करोड़ नब्बे लाख तीस हजार चार सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 4 | RWD/HAZ/MMGSY/11/2024-25 | बरही | पंचमाधव एन0एच0-2 से धुरगरगी नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं0-1.900 कि0मी0) | 1,85,21,900/- | एक करोड़ पचासी लाख एक्कीस हजार नौ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 5 | RWD/HAZ/MMGSY/12/2024-25 | बरही | एन0एच0-2 बमहाडीह मोड़ से धनवार आर0ई0ओ0 रोड भाया बमहाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं0-1.600 कि0मी0) | 1,84,94,200/- | एक करोड़ चौरासी लाख चौरान्वे हजार दो सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 6 | RWD/HAZ/MMGSY/13/2024-25 | बरही | दोरवा बासुदेव के दुकान से जगदीष उरांव के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं0-1.650 कि0मी0) | 2,13,28,000/- | दो करोड़ तेरह लाख अठाईस हजार रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 7 | RWD/HAZ/MMGSY/14/2024-25 | बरही | जीतपुर से चलंगा तक पथ निर्माण कार्य (लं0-2.450 कि0मी0) | 2,68,18,500/- | दो करोड़ अरसठ लाख अठारह हजार पाँच सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 8 | RWD/HAZ/MMGSY/15/2024-25 | बरही | कुटमा सिताराम हांसदा के घर से कुरहरिया तक पथ निर्माण कार्य (लं0-2.050 कि0मी0) | 2,68,66,900/- | दो करोड़ अरसठ लाख छियासठ हजार नौ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-30.08.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-06.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय-09.09.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546-265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 333561 Rural Work Department(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालयः- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला**
**संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला- 835207**
**E-mail ID- scogumla6@gmail.com**

**आम सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड राँची, राज्यादेश सं0 52 दिनांक- 16.08.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषकों/महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य को **90 प्रतिशत** अनुदान पर पम्प सेट एवं **200 Ft HDPE Pipe** वितरण हेतु **1.5-3.0** हार्स पावर तक के पम्प सेट एवं **200 Ft HDPE Pipe** के लिए अधिकतम रू0 **20000**/- (बीस हजार)रूपये तथा **3.5-5.0** हार्स पावर तक के पम्प सेट एवं **200 Ft HDPE Pipe** के लिए अधिकतम रू0 **30000**/- (तीस हजार)रूपये एवं **1.00** हार्स पावर सोलर पम्प सेट (ट्राली माउंटेड मोवेबल टाईप) के लिए अधिकतक रू0 **90000**/-(नब्बे हजार)रूपये अनुदान देय होगा।

कृषक समूह पैकेज योजना लागत **6.25 (छः लाख पच्चीस)**रूपये का **80 प्रतिशत** अनुदान अधिकतम 5.00 लाख (पाँच लाख)रूपये एवं व्यक्तिगत कृषक पैकेज योजना लागत 2.00 लाख (दो लाख)रूपये का 80 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार)रूपये देय होगा। दोनों ही योजना में लाभुक का चयन विहित प्रपत्र में पूर्ण रूपेन भरे हुए आवेदन के आधार पर जिला स्तरीय चयन कमेटी के द्वारा किया जायेगा।

**लाभुक का चयनः-**
1. पम्प सेट वितरण- **मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों एवं आम बागवानी** के लाभान्वित कृषकों के लाभान्वित के साथ-साथ **भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों** को उक्त योजना का लाभ दिया जाएगा।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक- झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह एवं जलछाजन समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
3. स्वयं सहायता समूह एवं जलछाजन समूह के पास अनुदान के रूप में न्यूनतम 1.25 लाख खाता में संधारित होना आवश्यक है।

| क्र0 स0 | जिला का नाम | पम्पसेट (1.5-3.0 HP) | पम्पसेट (3.5-5.0 HP) | सेलर पम्पसेट (1.0 HP) | (छोटे कृषि उपकरण बैंक) SHG समूह के पैकेज का भौतिक लक्ष्य | व्यक्तिगत कृषक का भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गुमला | 300 | 20 | 10 | 10 | 5 |

नोटः-
1. विगत वर्षों में किसी भी विभाग द्वारा यदि पम्प सेट का लाभ लिया गया है तो वैसे लाभुक को इस योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा ।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10-12 सदस्य का होना आवश्यक है।
3. माननीय स्थानीय विधायक से अनुशंसा प्राप्त कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस/पैक्स को प्राथमिकता दी जायगी।
4. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिनके सदस्यों में से कम-से-कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
5. विहित प्रपत्र मे आवेदन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों जो मिनी ट्रैक्टर पैकेज हेतु आवेदन झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) गुमला जिला प्रोग्राम मैनेजर (DPM) कार्यालय, गुमला से आवेदन प्राप्त एवं पूर्ण रूपेन भरा हुआ आवेदन जमा करेगें। अन्य कृषक समूह लैम्पस/पैक्स आदि के आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय में जमा किये जायेगें।
6. **पम्पसेट हेतु-** विहित प्रपत्र मे आवेदन जिनका संबंध भूमि संरक्षण कर्यालय, गुमला द्वारा निर्मित तालाब जीर्णोद्धार एवं परकोलेशन टैंक निर्माण से है वे अपना पूर्ण रूपेन भरा हुआ आवेदन भूमि संरक्षण, कार्यालय में जमा कर सकते है। अन्य पम्पसेट आवेदन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा भूमि संरक्षण कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन जमा किये जायेगें। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 31.08.2024 है।

**शेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः-** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला। संयुक्त कृशि भवन, करमटोली रोड,गुमला - 835207

विश्वासभाजन
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला

PR 333538 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभार)**
**कार्यालय- जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला**
**संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला- 835207 E-mail ID- scogumla6@gmail.com**

**आम सूचना**

**(मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना)**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)झारखण्ड राँची का राज्यादेश संख्या 53 दिनांक 16.08.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषकों/महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/पानी पंचायतो समिति/जलछाजन समिति /कृशको समूहों/लैम्पस/पैक्स एवं अन्य कृशक संगठनो को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अतर्गत ट्रैक्टर (34.0-40.0 max PTO HP ps approved model tested by FMTTI, with standard tool kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment etc,& 2 Agriculture Implements.) एवं इसके साथ कम से कम दो सहायक कृशि यंत्रों के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि रू0 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधितम अनुदान रू0 5.00 लाख ही देय होगा। उक्त ट्रैक्टर पैकेज में कम से कम दो सहायक कृशि यंत्र को क्रय करना अनिवार्य होगा, 3.00 लाख रुपये तक के लागत के कृशि यंत्रों का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रू0 2.00 लाख देय होगा।

जिले के सभी कृशक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्प- पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों के वैसे कृशक समूह जिनके पास पूर्व से बड़ा ट्रैक्टर उपलब्ध हो उसके सहायक कृशि यंत्र क्रय करना चाहेंगे या अतिरिक्त कृषि यंत्र चाहेंगे तो उनके लिए एक या एक से अधिक बड़े ट्रैक्टर चालित कृशि यंत्र ले सकते है। उसके लिए रू0 3.00 लाख तक के लागत के कृशि यंत्रो का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रू0 2.00 लाख देय होगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 मे मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी:-

| S.N. | Details of Machine | Package Cost | Subsidy & Condition |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Tractor (34.0-40.0 max PTO HP ps) approved model tested by FMTTI, with standard tool kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment etc,& 2 Agriculture Implements. | Rs. 10.00 Lakh | • One Tractor with minimum two Implements from S.No 02 to12 have to be taken in tractor Package. • Maximum Subsidy on tractor @ 50% & on agricultural Implements @ 80% of quoted L-1 prices as per EoI, • Farmers Group Maximu Subsidy on tractor package will Be Rs. 5.00 Lakh |
| 2 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 lakh | Any farmers group having tractor and need extra Implements tthey can get Subsidy @ 80% or Maximum Rs. 2.00 Lakh whichever is Minimum of quoted L-1 price as per EoI. |
| 3 | Cultivator (7-13 tyne) | | |
| 4 | Disc Harrow (11-18 disc) | | |
| 5 | Ridger / Trencher/Auger (Tractor Drawn) | | |
| 6 | Zero Tillage Drill/Seed cum Fertilizer Drill | | |
| 7 | Cage Wheel pair (compatible to above PTO HP Tractor) | | |
| 8 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | |
| 9 | Multicrop Thresher (Tractor Drawn) | | |
| 10 | Paddy Thresher (Tractor Drawn) | | |
| 11 | Power Maize Thresher/Maize Dehusker cum sheller (T.D.) | | |
| 12 | MB Plough (2 bottom) | | |

| क्र0 स0 | जिला का नाम | ट्रैक्टर पैकेज का भौतिक लक्ष्य (संख्या) | ट्रैक्टर पैकेज का वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0) | सहायक कृषि यंत्र पैकेज का भौतिक लक्ष्य (संख्या) | कृषि यंत्र पैकेज का वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0) | कुल भौतिक लक्ष्य (संख्या) | कुल का वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला | 80 | 400.00 | 40 | 80.00 | 120 | 480.00 |

1. माननीय स्थानीय विधायक से अनुशंसा प्राप्त कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल /कृषक समूहों /लैम्पस/पैक्स को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. विगत वर्षों में किसी अन्य विभाग द्वारा यदि ट्रैक्टर आदि का लाभ लिया गया है तो वैसे लाभुक को इस योजना का लाभ नहीं दिया जाऐगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
3. कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्प- पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों में 10-12 सदस्य का होना आवश्यक है।
4. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों,/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम-से-कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य न्युनतम 10 एकड़ या इससे अधिक भूमि होनी चाहिए ।
5. आवेदन के साथ आधार कार्ड, भूमि प्रतिवेदन, शपथ पत्र एवं ड्राईविंग लाइसेंस, (यदि है तो) आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
6. आवेदन (विहित प्रपत्र) में भूमि संरक्षण पदाधिकारी कार्यालय, गुमला से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं jamttc.org बेवसाइड डाउनलोड कर पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन जिला प्रोग्राम मैनेजर (DPM) JSLPS (झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोसान सोसाईटी) गुमला द्वारा भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला में दिनांक 01.09.2024 तक जमा किया जा सकता है।

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।

**कार्यालय का पताः-** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला। संयुक्त कृशि भवन, करमटोली रोड, गुमला- 835207

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला।

PR.NO.333535 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D

# पीछे हटती केन्द्र सरकार

बीते सालों में नौकरशाही में विशेषज्ञों को शामिल करने के कदम को प्रगतिशील सोच कहा गया। लेकिन चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के चलते विरोध के स्वर मुखर हुए। विपक्षी दलों की तीखी आलोचना और राजग के कुछ सहयोगियों की चिंता के बाद सरकार ने योजना को स्थगित कर दिया। सत्ता के दंभ से इतर दूरगामी परिणाम वाली नीतियों को आगे बढ़ाने हेतु सभी हितधारकों से व्यापक बातचीत जरूरी होती है। दूसरे शब्दों में सरकार को अपनी इच्छा थोपने के बजाय गठबंधन राजनीति की जटिलताओं के मद्देनजर विपक्ष से सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पिछले दो सप्ताह में राजग सरकार ने विवाद के बाद न केवल वक्फ विधेयक पर निर्णय बदला बल्कि प्रसारण विधेयक को समीक्षा के लिये एक संसदीय पैनल के पास भेजा है। इसके बाद अब लेटरल एंट्री के फैसले पर यू टर्न ने यह निष्कर्ष भी दिया है कि राजग सरकार पर्याप्त बहुमत न होने पर अब गठबंधन की राजनीति की सीमाओं को स्वीकार करने लगी है। एक हकीकत यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के सदस्य अभी भी तल्ख चुनावी तेवरों में नजर आ रहे हैं। खासकर ऐसे वक्त में जब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है और इसी साल महाराष्ट्र व झारखंड में भी चुनाव होने हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक व प्रसारण विधेयक के बाद अब लेटरल एंट्री मामले में से हाथ खींचकर यह संकेत देने का प्रयास किया है कि वह टकराव के बजाय बीच का रास्ता अपनाना चाहती है। इन भर्तियों में आरक्षण के प्रावधान न होने के मुद्दे का कांग्रेस, बसपा, सपा व राजद ने जोरदार तरीके से विरोध किया। यह कदम बहुत प्रभावकारी भी नहीं था।

# विकास दर बरकरार

सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में नरमी से भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अप्रैल-जून तिमाही में छह प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे कम है।रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। इक्रा को समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर के 6.8 प्रतिशत रहने उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 8.2 प्रतिशत से कम है।


घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा, इक्रा ने सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में गिरावट के बीच वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी के छह प्रतिशत पर आने का अनुमान लगाया है जो पिछली छह तिमाही में सबसे कम होगा। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीडीपी दर 7.8 प्रतिशत थी। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) अप्रैल-जून तिमाही की वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 30 अगस्त को जारी करेगा। वित्त 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी उपभोक्ता विश्वास में आश्चर्यजनक गिरावट दर्ज की गई है।वहीं पिछले वर्ष के प्रतिकूल मानसून के प्रभाव तथा 2024 के मानसून की असमान शुरूआत के कारण ग्रामीण मांग में व्यापक सुधार नहीं हो पाया। इक्रा ने समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी तथा जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) वृद्धि दर क्रमशः 6.8 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। देश के विकास दर को लेकर यह एक उत्साहित करने वाली खबर है लेकिन इस विकास का लाभ सभी लोगों तक पहुंचे यह आवश्यक है जिससे गिग ईकोनॉमी की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके।

# कानून का खौफ रहता तो नहीं होता कोलकाता कांड




**साल 2012** में दिल्ली के निर्भयाकांड के यौन हिंसा पर सख्त कानून बनाए गए और बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद यौन अपराध खत्म नहीं हुए । दुष्कर्म की प्रकृति अधिक आक्रामक, अधिक क्रूर हो गई है और एक हद तक सतर्कतावाद और गैंगस्टरवाद का एक रूप बन गई है। भारत में लगभग हर दिन क्रूर बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज होती है।हाल के वर्षों में भयावह यौन हमलों की रिपोर्ट में वृद्धि हुई है। समाजशात्री कहते हैं कि यह नया भारत है जहां कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है, जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि यह पितृसत्ता के बेधड़क अतिक्रमणों का दौर भी है। पीड़ितों के इर्द-गिर्द प्रचलित कलंक और पुलिस जांच में विश्वास की कमी के कारण बड़ी संख्या में बलात्कार की रिपोर्ट नहीं की जाती है। भारत की पंगु पड़ी आपराधिक न्याय प्रणाली में मामले सालों तक अटके रहने के कारण दोष सिद्धि दुर्लभ बनी हुई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2022 में पुलिस ने एक युवती के साथ कथित क्रूर सामूहिक बलात्कार और यातना के बाद 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इस युवती को दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया था। 2022 में ही भारत में एक पुलिस अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर एक 13 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है, जो अपने साथ हुए सामूहिक बलात्कार की रिपोर्ट करने के लिए उनके पुलिस स्टेशन गई थी। मार्च में, अपने पति के साथ मोटरसाइकिल यात्रा पर गई एक स्पेनिश पर्यटक के सामूहिक बलात्कार के बाद कई भारतीय पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था। 2021 में मुंबई में एक 34 वर्षीय महिला की बलात्कार और क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित किए जाने के बाद मृत्यु हो गई। निर्भयाकांड के बाद कोलकाता के आरजी कर रेप और हत्याकांड ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया है।



\- प्रियंका

> राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2022 में पुलिस ने एक युवती के साथ कथित क्रूर सामूहिक बलात्कार और यातना के बाद 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इस युवती को दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया था। 2022 में ही भारत में एक पुलिस अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा अब तो आम हो गई है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया पर ट्रोल, जो हर मुखर महिला या उसकी बेटी को चुप कराना, गाली देना या बलात्कार करना चाहते हैं, उन्हें जवाबदेह नहीं बनाया जाता है। उल्लंघनकर्ताओं के पास बढ़ती हुई दंडमुक्ति और न्यायिक साधन भी राजनीतिक आकाओं के सामने आत्मसमर्पण करने के साथ, बलात्कार से लड़ना कठिन हो गया है। देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों में वृद्धि, साथ ही देश की कठोर जाति व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर रहने वालों के साथ व्यवहार, ऊपर से नीचे तक दंडमुक्ति की संस्कृति के परिणामस्वरूप एक उत्साहजनक कारक के रूप में कार्य करता है। यह महिलाओं के अधिक सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने और लगभग सभी क्षेत्रों में पुरुष आधिपत्य को चुनौती देने के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है। अधिकांश पुरुष अभिभूत हैं और नहीं जानते कि अपने आहत अहंकार को कैसे संभालें और व्यापक बेरोजगारी ने समग्र रूप से निराशा पैदा की है। भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में मामलों के वर्षों तक अटके रहने के साथ दोषसिद्धि का निम्न स्तर भी ऐसे क्रूर अपराधों का जन्मदाता है। पुरुष अकसर यौन हिंसा का इस्तेमाल दमनकारी लिंग और जाति पदानुक्रम को मजबूत करने के लिए एक हथियार के रूप में करते हैं।

बलात्कार की घटनाओं की संख्या में वृद्धि और मुखालफत के लिए अधिक संख्या में महिलाओं के आगे आने के बावजूद देश में सजा की दर कम बनी हुई है। कई मामलों में, सबूतों की कमी को अकसर कम सजा दर या उच्च न्यायालयों द्वारा सजा को पलटने का कारण बताया जाता है। कुछ साल पहले स्पेनिश पर्यटक के साथ जो हुआ वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और देश में अराजकता के बारे में बहुत कुछ बताता है। हम जानते हैं कि यौन अपराधों की बहुत कम रिपोर्टिंग होती है और इसे बदलना होगा। अगर यह बलात्कार संस्कृति नहीं है, जिसे समाज के समझदार पुरुषों और महिलाओं, संस्थानों और सरकारी अंगों द्वारा समर्थित और बरकरार रखा जाता है, तो यह क्या है? आप सभी कानून, सभी तेज अदालतें, यहां तक कि मौत की सजा भी ला सकते हैं, लेकिन कुछ भी नहीं बदल सकता जब तक कि एक समान मानसिकता में बदलाव न हो जो लड़कियों और महिलाओं के बारे में सोचने का एक नया तरीका शुरू करे। हमने बलात्कार संस्कृति को खत्म करने का काम भी शुरू नहीं किया है। हमने पितृसत्ता को जलाने वाली माचिस भी नहीं जलाई है।

दिसंबर 2012 में सरकार ने आखिरकार हमारी बात जरूर सुनी थी। एक पल के लिए ऐसा लगा था कि हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके बजाय आज हम रुक गए हैं या इससे भी बदतर, पीछे चले गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर, अब हमारे पास ऐसे कानून हैं जो वस्तुतः अंतरधार्मिक विवाहों पर प्रतिबंध लगाते हैं और अदालतें उन जोड़ों को सुरक्षा देने से इनकार करती हैं जो अपने जीवन के लिए डरते हैं। स्वतंत्र भारत में आधुनिक समान नागरिक संहिता के लिए पहला नमूना लिव-इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण की बात करता है। हर स्तर पर महिलाओं की स्वायत्तता और स्वतंत्र एजेंसी को छीना जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घर हमेशा एक सुरक्षित जगह है। डरावनी कहानियों में अनाचार और घरेलू हिंसा शामिल हैं। भारत में, जहां अंतरंग साथी द्वारा हिंसा की दूसरी सबसे बड़ी व्यापकता है, 46% महिलाएं कुछ परिस्थितियों में इसे स्वीकार्य मानती हैं - ससुराल वालों का अनादर करना या बिना अनुमति के घर से बाहर जाना। जब तक हम उन विचारों को नहीं बदल सकते, तब तक हम भारत की प्रतिष्ठा के नुकसान पर विलाप करते रहेंगे।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात
### ग्रीन एनर्जी पर ध्यान

नागेन्द्र सिंह

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने हरित ऊर्जा क्षेत्र में दस्तक देने का ऐलान किया। कंपनी की योजना अपनी 'नई ऊर्जा और नया मटिरियल्स' इकाई के तहत सौर ऊर्जा उत्पादन और विनिर्माण, हाइड्रोजन उत्पादन, ई-ईंधन तथा ऊर्जा भंडारण की है। इसके अलावा कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक प्लेटफॉर्म विकसित करेगी और इन क्षेत्रों में निवेश के लिए दीर्घावधि वैश्विक पूंजी जुटाएगी।

आरआईएल के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कंपनी की सालाना आम बैठक में कहा कि त्रिआयामी योजना के तहत अगले तीन साल में इन क्षेत्रों पर 75,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके लिए जामनगर में 5,000 एकड़ में करीब 60,000 करोड़ रुपये की लागत धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स स्थापित किया जाएगा जबकि 15,000 करोड़ रुपये मूल्य श्रृंखला, साझेदारी और भविष्य की प्रौद्योगिकियों पर निवेश किया जाएगा।

अंबानी ने कहा, 'इस तरह रिलायंस पूर्णतः एकीकृत एंड-टू-एंड अक्षय ऊर्जा पारिस्थितिकी विकसित करेगी।' कंपनी एकीकृत सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल के लिए 4 गीगा फैक्टरी, उन्नत ऊर्जा भंडारण, हरित हाइड्रोजन के लिए इलेक्ट्रोलाइजर फैक्टरी और हाइड्रोजन को ईंधन में बदलने के लिए ईंधन सेल फैक्टरी लगाएगी।

सौर विनिर्माण के लिए आरआईएल एकीकृत विनिर्माण इकाई लगाएगी, जिसमें कच्चा सिलिका और पॉलिज सिलिकन को ईंधन में, वेफर को तैयार उत्पाद सेल और मॉड्यूल में तब्दील करेगी।

यह भारत के सौर विनिर्माण योजना को व्यापक तौर पर बढ़ाएगा। हालांकि इसकी क्षमता कितनी होगी, उसका खुलासा कंपनी ने नहीं किया है। भारत अपनी जरूरत को 90 फीसदी सोलर सेल और मॉड्यूल का आयात करता है। इनमें से 80 फीसदी आयात चीन से किया जाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार देश में 3,100 मेगावॉट सेल विनिर्माण और 9,000 मेगावॉट के मॉड्यूल विनिर्माण की क्षमता है।

# दुख का कारण

## विचार-प्रवाह

अमीश

**सत्य** है समुदाय। दुख का कारण जुड़ा है इससे। ललक, लगाव और इच्छाओं का घेरा रहता है हमारे चारों ओर। यह एक अचेतन भावनात्मक और मानसिक अवस्था है। तीसरा सच है निरोध। यानी दुख समाप्त होने की संभावना। और चौथा सच है मार्ग यानी दुख से छुटकारा पाने की राह। दुख इस राह की ओर ले जाता है।

कोविड महामारी चीन के वुहान से शुरू हुई और अब इसने पूरी दुनिया के दिलोदिमाग को झकझोर दिया है। मौत, तबाही और आर्थिक अफरातफरी का आलम है। कंपनियां पस्तहाल हैं। 15 लाख से ज्यादा लोग जा चुके हैं इस दुनिया से। इससे कहीं ज्यादा लोगों को तकलीफ सहनी पड़ी है और तमाम लोग अब भी बीमार हैं। यह भयानक और दिल तोड़ने वाला मंजर है। इसका खात्मा भी हाल-फिलहाल होता नहीं दिख रहा। अधिकतर विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि महामारी का खात्मा हो जाने पर भी आने वाले कई सालों तक बने रहेंगे माली और दिमागी तौर पर लगे जख्मों के निशान।

तो ऐसे में क्या धर्म के सिद्धांतों और दुख की भूमिका का सहारा लेकर हम इस महामारी के असर से उभर सकते हैं? क्या इनके जरिए हम पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और समझदार बन सकते हैं? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि हममें से कई लोगों, खासतौर से अमीर तबके को ज्यादा दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़ी हैं? लेकिन ये तो हुआ ही है कि हमें अपने घरों में सिमटे रहना पड़ा है। खाना-पानी के साथ एक तरह का कैदखाना। फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं।

**पश्चिम बंगाल,** यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र में भी बेटियों के खिलाफ शर्मनाक अपराध सोचने पर मजबूर करते हैं कि हम एक समाज के तौर पर कहां जा रहे हैं?

\- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

## आपके ट्वीट

**झामुमो** परिवार के स्तंभ रहे पूर्व सांसद स्व सुनील महतो जी एवं पूर्व सांसद श्रीमती सुमन महतो जी की पुत्री स्व अंकिता महतो की आत्मा को परमात्मा शांति प्रदान करे।

\- हेमंत सोरेन, सीएम





**नशीली** दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर, मैं उन सभी लोगों की सराहना करता हूं जो हमारे समाज से ड्रग्स के खतरे को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।

\- नरेन्द्र मोदी

# बढ़ती बेरोजगारी को कैसे संभाल पायेगी सरकार

महेश व्यास

**हम** लिख रहे हैं कि मार्च 2021 में श्रम भागीदारी दर 40.2 प्रतिशत थी, रोजगार दर 37.6 प्रतिशत थी और बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत थी। श्रम भागीदारी दर वर्ष 2019-20 के औसत से 2.5 प्रतिशत अंक कम थी और इसी अवधि की तुलना में रोजगार दर 1.8 प्रतिशत कम थी। बेरोजगारी दर वर्ष 2019-20 में 7.6 प्रतिशत के औसत से कम थी। अब अप्रैल महीने के अनुमान इन मापदंडों में गिरावट का संकेत दे रहे हैं।

अप्रैल में श्रमिक भागीदारी दर में गिरावट की संभावना नहीं दिख रही है। 30 दिवसीय गतिमान औसत एलपीआर संकेत देती है कि यह अनुपात 15 अप्रैल तक बढ़ रहा था, जब यह 40.8 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया था। फिर इसमें गिरावट आनी शुरू हो गई, लेकिन मार्च 2021 के स्तर के मुकाबले इसमें और गिरावट आने की संभावना नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि मार्च में एलपीआर में गिरावट बहुत तीव्र थी। इस बात की संभावना दिखती है कि यह अनुपात गिरते स्तर पर स्थिर हो जाएगा और अप्रैल में इसमें सुधार नहीं होगा। दिसंबर, जनवरी और फरवरी के दौरान यह एलपीआर 40.5 से 40.6 प्रतिशत के बीच थी। फिर मार्च में यह गिरकर 40.2 प्रतिशत पर आ गई। यहां से इसमें सुधार होने की संभावना नहीं है। 25 अप्रैल तक 30 दिवसीय गतिमान औसत 40.3 था। लेकिन इसमें मार्च का अंतिम सप्ताह और 4 अप्रैल को समाप्त होने वाला सप्ताह भी शामिल है, जिसमें 41.2 प्रतिशत की एलपीआर थी।

## सामयिक

11 अप्रैल, 18 अप्रैल और 25 अप्रैल को समाप्त होने वाले बाद के तीन सप्ताह करीब 40.1 प्रतिशत की औसत एलपीआर दिखाते हैं। इसलिए अंतिम सप्ताह में जब तक कोई असामान्य उछाल नहीं आती, अप्रैल की एलपीआर मार्च के अपने 40.2 प्रतिशत स्तर पर स्थिर रहने की संभावना है।

लेकिन अप्रैल में बाजार 40.2 प्रतिशत एलपीआर पर श्रम की आपूर्ति खपाने में असमर्थ लगता है। हालांकि पिछले चार सप्ताह में एलपीआर में गिरावट आई है, लेकिन बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है। 28 मार्च को समाप्त होने वाले मार्च के अंतिम सप्ताह में यह एलपीआर 41.2 प्रतिशत थी और बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत थी।

4 अप्रैल को समाप्त होने वाले इससे अगले सप्ताह में एलपीआर 41.2 पर स्थिर रही, लेकिन बेरोजगारी दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। अगले सप्ताह में श्रम पीछे खिसक गया, क्योंकि 11 अप्रैल को समाप्त होने वाले सप्ताह में एलपीआर घटकर 40.1 प्रतिशत रह गई। इसके बावजूद बेरोजगारी दर निर्मम बनी रही, क्योंकि यह बढ़कर 8.6 प्रतिशत हो गई थी। अगले दो सप्ताह में इस बेरोजगारी दर में गिरावट आई है-पहले यह गिरकर 8.4 प्रतिशत हो गई और फिर 7.4 प्रतिशत। फिर भी मार्च का समापन 6.5 प्रतिशत पर होने के बाद अप्रैल के महीने के दौरान यह बेरोजगारी दर करीब आठ प्रतिशत रहने की संभावना है।

तीव्र आवृत्ति वाली सबसे महत्त्वपूर्ण श्रम सांख्यिकी-रोजगार दर के मामले में अप्रैल गिरावट वाला लगातार तीसरा महीना हो सकता है। सितंबर 2020 में यह रोजगार दर लॉकडाउन के बाद अपने शीर्ष स्तर 37.97 प्रतिशत पर पहुंच गई थी।

फिर यह लगातार तीन महीने तक गिरी, लेकिन जनवरी 2020 में दोबारा चढ़कर 37.94 प्रतिशत पर चली गई। फिर फरवरी और मार्च में इसमें गिरावट आई। अब ऐसा लगता है कि यह अप्रैल में भी गिरकर 37 प्रतिशत के कम स्तर पर आ जाएगी। 40.2 प्रतिशत की स्थिर दर पर श्रम को खपाने की श्रम बाजार की अक्षमता निम्न रोजगार दर में तब्दील हो जाती है।

कम रोजगार दर और कम श्रम

## कार्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टन मूवमेंट डॉटकाम

## लेटर टू एडिटर

### राजनीतिक अपरिपक्वता

**हाल** ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **-रवि जमशेदपुर**

### आतंक की पाठशाला

**दिल्ली** पुलिस ने अलवर से पकड़े गए छह आतंकियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। ये आतंकवादी बंदूक चलाने की ट्रेनिंग ले रहे थे और कई देशों में आतंकी फैक्टरी चला रहे थे। पुलिस ने झारखंड, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश में छापेमारी की और कई सुराग मिले हैं। वर्ष 2014 में शुरू हुए अलकायदा के इस संगठन में 200 लड़ाके हैं।

**-कांतिलाल, रांची**

# केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल सुधारों के लिए जरूरी

ए के भट्टाचार्य

**गत माह** उन बड़े आर्थिक सुधारों का यशोगान किया गया जिन्हें नरसिंह राव सरकार ने तीन दशक पहले जुलाई 1991 में शुरू किया था। मीडिया में सरकार के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और विश्लेषकों ने गत 30 वर्षों में सुधारों के सफर पर काफी कुछ लिखा। संक्षेप में कहें तो इन टिप्पणियों ने दो रुझानों को रेखांकित किया।

पहला, राव सरकार के शुरूआती 100 दिनों में व्यापार, उद्योग और राजकोषीय नीतियों को लेकर की गई जोरदार पहलों के रूप में हुए आर्थिक सुधारों के बाद मोटे तौर पर इनकी गति काफी ज्यादा धीमी रही है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि बाद की सभी सरकारों ने इन्हें जारी रखा। दूसरा, सुधारों और उनके क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न सरकारों का रुख एक जैसा नहीं रहा है।

यही कारण है कि संयुक्त मोर्चा सरकार ने तेजी से स्थिर और कम प्रत्यक्ष कर व्यवस्था पेश की जबकि वाजपेयी सरकार ने अप्रत्यक्ष कर सुधारों को धीमी गति से अंजाम दिया। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने अधिकार आधारित नीतिगत सुधार किए और ऐसे कानून बनाए जिन्होंने नागरिकों को सूचना, खाद्य, ग्रामीण कार्य और शिक्षा के क्षेत्र में पहुंच सुनिश्चित की।

## सामयिक

मोदी सरकार निजीकरण की जरूरत को स्वीकारने में बहुत धीमी रही। वह कई वर्षों से एयर इंडिया के निजीकरण का प्रयास कर रही है और अब उसने सार्वजनिक क्षेत्र को लेकर एक नीति बनाई है जो गैर रणनीतिक क्षेत्र के कई सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण की इजाजत देती है। परंतु केंद्र में सात वर्ष से होने के बावजूद उसने अब तक एक भी कंपनी का निजीकरण नहीं किया। इसके विपरीत वाजपेयी सरकार ने राजनीतिक विरोध के बावजूद एक दर्जन से अधिक सरकारी उपक्रम बेच दिए थे।पहले कार्यकाल में मोदी सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली शुरू की लेकिन क्रियान्वयन में कई कमियां रह गईं। अर्थव्यवस्था में बैलेंस शीट की दोहरे घाटे की समस्या दूर करने के लिए सरकार ने झटपट ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया निस्तारण कानून की शुरूआत की। हालांकि इस पहल का भी अब विरोध हो रहा है। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने कई क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मानक शिथिल किए लेकिन सुधारों को इस तरह अंजाम दिया गया कि पर्यवेक्षक उसे संरक्षणवादी और मनमाना मानते हैं।

सरकार ने कई क्षेत्रों में आयात शुल्क बढ़ा दिया ताकि घरेलू उद्योग को कारोबार का उचित अवसर मिल सके तथा चुनिंदा क्षेत्रों में घरेलू निवेशकों को वित्तीय प्रोत्साहन मिले। इन टीकाओं में एक पहलू गायब था और वह था यह आकलन कि आखिर क्यों विगत 30 वर्षों के आर्थिक सुधारों की पहुंच अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों तक सीमित रही। किसी ने भी इस बात का विस्तृत विश्लेषण नहीं किया है कि आखिर क्यों स्वास्थ्य और शिक्षा, कृषि, श्रम, भूमि, नियमन एवं चुनावी फंडिंग जैसे अहम सामाजिक क्षेत्रों में जरूरी सुधार या तो धीमे हैं या नदारद।दूसरे दौर के सुधार आरंभ कर पाने में विफलता का स्पष्टीकरण यह हो सकता है कि ये पहले दौर के नीतिगत बदलावों की तुलना में बहुत कठिन थे। मसलन 1991 के सुधारों में ऐसे कदम उठाए गए जो आसान थे। व्यापार, उद्योग और राजकोषीय नीति में सुधार के लिए साहस और स्पष्ट दृष्टिकोण जरूरी था लेकिन वे सब केंद्र सरकार के अधीन थे। अब यदि निजीकरण में देरी हो रही है तो शायद इसलिए कि सरकार इसके राजनीतिक असर को लेकर हिचकिचा रही है। जबकि वाजपेयी सरकार ने उनका सामना किया था।नियमन और चुनावी फंडिंग में सुधारों का नसीब भी ऐसा ही रहा। सरकारें विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र नियामकीय संस्थाएं बनाने में विफल रहीं। चुनावी फंडिंग में भी सार्थक पहल नहीं हो सकी।

बीते कई दशकों में नियामकीय संस्थाओं पर सेवानिवृत्त अफसरशाहों को काबिज कर दिया गया जो तत्कालीन सरकार के करीबी रहे। विभिन्न पंचाट और अपील पंचाट भी कमजोर हुई हैं और सदस्यों तथा चेयरपर्सन स्तर पर पद रिक्तियां लगातार बढ़ रही हैं। कई अपील पंचाट के काम को उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भी है जबकि वे पहले से मामलों के बोझ तले दबे हैं।

चुनावी फंडिंग के कानून बदले हैं लेकिन हालात और बिगड़े हैं।

# स्पीड न्यूज

## दौड़ में युवक को आया चक्कर, मौत परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा



**हजारीबाग।** पदमा प्रशिक्षण केंद्र में उत्पाद विभाग की बहाली में गुरूवार को दौड़ के दौरान एक युवक चक्कर खा के गिर गया था। आनन फानन में युवक को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहा चिकित्सकों की टीम ने उसको मृत घोषित कर दिया था। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक होने की बात कही गयी थी। मृत युवक की पहचान उस वक़्त नहीं हो पायी थी तो उसे अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सेवा मुक्ति धाम के निदेशक नीरज कुमार को सौंपा दिया गया था। खबर अखबार में छपी जिसके बाद मृतक के परिजन शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचे और प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने बताया कि मृतक का नाम महेश कुमार महतो है। वह बलसागरा, मांडू का रहने वाला था। उत्पाद विभाग में सिपाही भर्ती की बहाली के लिए गुरूवार को पदमा आया हुआ था। बहाली का समय समाप्त होने के बाद जब वो घर नहीं लौटा तो हम लोग उसके खोज बिन में लग गए। पदमा गए, बरही गए, हजारीबाग अस्पताल गए। यहाँ तक की रिम्स रांची भी गए लेकिन महेश के संबंध में किसी अधिकारी ने कुछ भी जानकारी नहीं दी। शुक्रवार सुबह को अखबार में मुकेश की मृत्यु की सूचना जब पढ़े और उसका फोटो देखे तो दौड़े दौड़े हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचे। दो दिनों से हमलोगों को दौड़ाया जा रहा लेकिन ना ही प्रशासन ना ही अस्पताल प्रबंधन ने कोई जानकारी दी। कहा कि प्रशासन की लापरवाही से इसकी मौत हो गयी। पदमा में इतना बड़ा दौड़ का आयोजन हो रहा है लेकिन ना वहा एम्बुलेंस की कोई सुविधा है और न मेडिकल की कोई सुविधा। अगर वहा मेडिकल की सुविधा होती तो महेश की जान बच सकती थी। प्रशासन इसकी जवाबदेही तय करे और हमलोगों को मुआवजा दे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मना अंतरिक्ष दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को पहला अंतरिक्ष दिवस मना। इस अवसर पर स्पेशल क्लास, नाटक, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता हुआ। स्पेशल क्लास में बच्चों को वीडियो के माध्यम से चंद्रयान तीन की सफलता के बारे में बताया गया। चंद्रयान की रवानगी, विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के कार्यों की जानकारी दी गई। प्रात:कालीन असेम्बली और स्पेशल क्लास में भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों, इससे समाज को होनेवाले लाभ, अंतरिक्ष से जुड़े भावी कार्यक्रमों, अंतरिक्ष के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्राचार्य विवेक प्रधान ने इस वर्ष के थीम चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना, भारत की अंतरिक्ष गाथा पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत चांद पर उतरने वाला चौथा और इसके दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन चुका है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हमारा स्पेस प्रोग्राम कितना उन्नत हो चुका है। इसका पूरा श्रेय हमारे वैज्ञानिकों को जाता है। सरकार भी स्पेस प्रोग्राम को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं बड़े अवसरों पर वैज्ञानिकों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाते रहते हैं। निश्चित है कि एक दिन हम स्पेस टेक्नोलॉजी में पूरी दुनिया में सबसे आगे की कतार में खड़े होंगे। आयोजन को सफल बनाने में ज्योति कुमारी, संतोष कुमार, दीपशिखा कुमारी, सोनम खातून का योगदान रहा।

## श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी का गठन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला में शुक्रवार को श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की हुई। इसकी अध्यक्षता विनय मिश्रा और संचालन राजेंद्र सिंह ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खोपड़िया बाबा धर्मशाला में पूरे धूमधाम एवं भक्तिभाव से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूजा की तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। पूजा की सफलता को लेकर सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया। इसमें अध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, सचिव नरेश साव, कोषाध्यक्ष बाबूलाल नायक, उपकोषाध्यक्ष ओम गुप्ता चुने गये। बैठक में गुलाब चंद्र मिश्रा, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, रॉबिन मुखर्जी, अमित शर्मा, नंदे राम, श्याम राम, सनी कुमार, सूरज गुप्ता, रंजीत गुप्ता, किशन कुमार, पंकज गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सैकड़ों कार्यकर्ता आक्रोश रैली में हुए शामिल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आहवान पर शुक्रवार को भुरकुंडा से आक्रोश रैली में हुए शामिल। भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा आक्रोश रैली के लिए रांची रवाना हुए थे। मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने बताया कि बेलगाम झामुमो-कांग्रेस गंठबंधन की राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, आदिवासी व दलितो को रोजगार के नाम पर ठगने काम किया है। रैली के माध्यम से युवा वर्ग अपना आक्रोश दिखाते हुए इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फैकने का संकल्प लिया है। रैली के लिए रवाना होने वालो में योगेश दांगी, संजीव कुमार बावला, जुगल नायक, राजन पांडेय, अशोक सोनी, कमलेश सिन्हा, अजय पासवान, सुभाष दास, शैलेश कुमार, कन्हैया यादव, अखिलेश टोप्पो, राजु मल्होत्रा, विजय कुमार, शंकर प्रसाद, जनार्दन सिंह, विनोद सिंह, सुनील बैठा, लख्मीचंद लोहार, अखिलेश कुमार, अभिषेक मिश्रा, बाबूलाल गोस्वामी, संजय पासवान, सोनू मल्होत्रा, कुलदीप, भारत प्रसाद, विजय दुसाध, रविंद्र सिंह, रघुनंदन सिंह सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

# दिन रात मेहनत करे कार्यकर्ता, मांडू का विधायक आजसू का होगा : चंद्रप्रकाश

### मांडू का विकास ही मेरा लक्ष्य: तिवारी महतो

▸▸ कुजू में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** हेमंत सरकार जनता के साथ सिर्फ छलावा कर रही है। सरकार पहले अपने चुनावी घोषणा से मुकरती है, वहीं अब मईयां सम्मान योजना लाकर जनता के साथ छलावा कर रही है। लेकिन राज्य की जनता पूरी तरह से हेमंत सरकार के षडयंत्र से वाकिफ हो चुकी है। इस बार के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उक्त बातें गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कही। श्री चौधरी अक्षत बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को आजसू मांडू विधानसभा द्वारा आयोजित रामगढ़ एवं हजारीबाग जिला का सयुंक्त बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरते हुए कहा कि सिर्फ आप सभी लोग दो महीना पार्टी के लिए दिन रात मेहनत करिये। उसके बाद आप सभी के सहयोग से मांडू विधानसभा में आजसू का विधायक होगा। वहीं उन्होंने 31 अगस्त को मुरपा तरवाटांड़ के मैदान में आयोजित चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में भारी से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचने की बात कही। तिवारी महतो ने कहा कि मांडू विधानसभा की जनता का विकास ही मेरा लक्ष्य रहा है। क्षेत्र की जनता के समस्याओं के समाधान के लिए मैं हमेशा उनके साथ रहा हूं, और आगे भी रहूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि पिछले बार के विधानसभा चुनाव को देखते हुए हमे इस बार और कड़ी मेहनत के साथ जनता के विश्वास को जितना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता घर- घर जाकर उनके समस्याओं को जानें। उनके समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव के लिए चुल्हा प्रमुख सम्मेलन ही अंतिम तैयारी है। इसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ आगे आना है। वहीं बैठक में विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा किया गया। जिसमें 24 अगस्त को बेरोजगार युवाओं को सूचीबद्ध करने, 26 अगस्त से 4 सितम्बर तक विधानसभा स्तरीय पद यात्रा निकालने, 31 अगस्त को मांडू विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन, 8 सितंबर को रांची में नव निर्माण संकल्प सभा, 9 सितंबर को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो का पदयात्रा, विधानसभा स्तरीय 24 घंटे कॉल सेंटर स्थपना करना, रक्तदान कर जरूरत मंद लोगों को ब्लड उपलब्ध करवाना शामिल है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दाँगी व संचालन जिला सचिव लालचन्द महतो ने किया। केन्द्रीय सचिव विजय साहू, जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, मनोज महतो, अमृतलाल मुंडा, उमेश भोक्ता व अन्य मौजूद थे।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय में टेक महेंद्रा ने लगाया मेगा कैंप

### हजारीबाग के तीन हजार युवाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन : अम्बा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कैंपस में टेक महेंद्रा ने मेगा कैंप का आयोजन किया। इस मेगा कैंप के कैंपस सिलेक्शन को लेकर हजारीबाग के युवा उत्साहित दिखे। विधायक अम्बा प्रसाद ने युवाओं से कहा कि अपने सपनो को साकार करने के लिए प्रयासरत रहे। आपका प्रतिद्वंदिता किसी और से नहीं बल्कि खुद से होना चाहिए। आप अपने सपनो को पंख दे और ऊँची उड़ान उड़े। मीडिया से बातचीत में विधायक ने कहा कि उन्हें आज इस बात की खुशी है कि उनके प्रयास से कैंपस सेलेक्शन हो रहा है। उन्होंने बताया कि मैं झारखण्ड सरकार लगातार युवाओ को रोजगार से जोड़ने को लेकर प्रयासरत है। वे लगातार बड़ी बड़ी कंपनियों को रोजगार को लेकर बात करती रही है और उन्हें झारखंड आमंत्रित करती रही है। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार से जुड़ेंगे तो यहां की बेरोजगारी और पलायन पर रोक लगेगा। उन्होंने बताया कि लगभग तीन हजार युवाओं ने हजारीबाग से रजिस्ट्रेशन कराया है। पहले फेज में चयनित होने के बाद इंटरव्यू होगा। उसके बाद परमानेंट जॉब लग जाएगी। सभी अभियर्थियों को मेरी शुभकानाए है। वही टेक महेंद्रा के प्रोजेक्ट हायरिंग हेड प्रत्युष राहुल ने कहा कि वे विधायक अम्बा प्रसाद के रिक्वेस्ट पर कैंप का आयोजन हुआ है। लगभग पूरे झारखण्ड से पांच हजार अभियर्थियों ने अब तक आवेदन किया है। अगले फेज में रांची और उसके बाद जमशेदपुर में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया जायेगा। इस तरह का कैंप लगाने का मकसद युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। युवा उत्साहित है।

## रामगढ़ में कटर से काटा एटीएम, लाखों की चोरी



**रामगढ़।** शहर के बाजारटांड़ में एसबीआई बैंक का एटीएम काटकर चोरों ने लाखों रुपए निकाल लिए हैं। इस मामले की सूचना शुक्रवार की सुबह पुलिस को लगी। बाजारटांड़ में सिटी स्टाइल मॉल के समीप लगे इस एटीएम को पुलिस ने खंगाला। प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर ने बताया कि चोरों ने गैस कटर से एटीएम मशीन काटी है। जिसमें से लाखों रुपए ले गए। उन्होंने बताया कि बैंक का सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहा है। चोरों की शिनाख्त के लिए कई जगहों पर भी लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज निकल जा रहे हैं।

# झामुमो ने निकाला अधिकार मार्च

### इडी, सीबीआइ जैसी संस्थाएं भाजपा के इशारे पर काम करती है : संजीव बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शुक्रवार को रांची समेत सभी 24 जिलों में झारखंडी अधिकार मार्च निकाला। हजारीबाग में इसका नेतृत्व झामुमो नेता फागु बेसरा व संजीव बेदिया ने किया। बेसरा ने कहा कि यह महज मार्च नहीं, बल्कि झारखंडी हित को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए चेतवानी है। हर झारखंडी जाग चुका है, जिसका परिणाम है झारखंडी अधिकार मार्च। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को झारखंडियों का अगला लेख अधिकार देना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद 20 वर्ष तक केंद्र शासित भाजपा की सरकार झारखंड की सत्ता का भोग करती रही। 2019 में जब झारखंडी जनता ने भाजपा से सत्ता छीन कर एक युवा आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को सौंपी तो भाजपा के लोग बौखला गए कि आखिर कैसे एक आदिवासी नेता सत्ता संभाल सकता है और यहीं से भाजपा ने द्वेष की राजनीति शुरू की।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गठन के बाद सरकार गिराने की जुगत में भाजपा के नेता लगे रहे, लेकिन जब इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली तो राज्य के मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में जेल में डाल दिया। क्योंकि केंद्र में इनका शासन था और ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाएं इनके इशारे पर कार्य करती थीं। लेकिन सच की हमेशा जीत होती है। जननेता हेमंत को न्यायालय ने रिहा कर न्याय किया। कहा कि राज्य की जनता भी भाजपा के इस द्वेष की राजनीति को समझ चुकी है।

20 वर्ष तक शासन करने वाली भाजपा की सरकार सरना आदिवासी धर्मकोड, 1932 आधारित स्थानीय नीति, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द करने, वृद्धों को पेंशन देने, आदिवासी-मूलवासी को पहचान और हक-अधिकार देने के नाम पर झारखंडियों से छल करती रही। जनता इनको जवाब देगी।

## संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रहेगी : आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार व केंद्रीय महासचिव नरेश नायक ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एससी-एसटी आरक्षण पर दिए गए निर्णय का विरोध करते हुए ह्यभारत बंदह्ण का नैतिक समर्थन किया है। उन्होंने 21 की बंदी की सफलता लोगों के प्रति आभार जताते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि सभी एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। मालूम हो कि उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रस्तावित अनुसूचित जाति-जनजाति आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में 21 अगस्त को आहुत देश व्यापी बंदी का भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापक असर देखने को मिला। बंदी के दौरान दुकान-प्रतिष्ठान बंद रहें। कोयले का ट्रांसपोटिंग भी पूरी तरह से ठप रहा। जिसके कारण सीसीएल को लाखो रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

# वनरक्षियों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन जारी

### वन माफिया खुलेआम कोयला, लकड़ी, अभरख और पत्थर जंगलों से निकाल रहे हैं : संघ

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** झारखंड अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर झारखंड सरकार द्वारा झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2014 में अहितकारी संशोधन करके झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2024 बनाकर वनपाल के शत प्रतिशत प्रोन्नति के पद में कटौती करते हुए 50% पदों पर सीधी नियुक्ति करने तथा अन्य अलाभकारी निर्णय के विरुद्ध हजारीबाग जिले के सभी वनरक्षियों ने अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़कर 16 अगस्त से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के सातवें दिन भी वन भवन, हजारीबाग के प्रांगण में भाग लिया।

झारखंड के वनरक्षी अल्प वेतन भत्ते और बिना किसी विशेष सुविधा के जंगलों की सुरक्षा एवं विकास तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं वन्य प्राणियों से लोगों की सुरक्षा सहित अन्य विभागीय कार्यों के लिए दुर्गम स्थानों पर दिन-रात लगे रहते हैं। इनकी जान-माल की क्षति की संभावना हमेशा बनी रहती है। उनके लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय सरकार ने वनरक्षियों के प्रोन्नति के अवसर को छिनने का कार्य किया है। आंदोलन के सातवें दिन अब तक विभाग अथवा सरकार द्वारा वनरक्षी हित में किसी भी प्रकार से सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। सभी दुःखी और मजबूर भी हैं क्योंकि वनरक्षी दिन रात वनों की सुरक्षा और विकास तथा उससे संबंधित अन्य कार्यों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। लेकिन उनकी चिंता करने वाला कोई नहीं हैं। इस बीच विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त हो रही है कि वनरक्षियों के धरना प्रदर्शन शुरू होने के बाद वन अपराध में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

जंगली हाथियों का तांडव अपने चरम स्तर तक पहुंच गया है। वन माफिया द्वारा खुलेआम कोयला, लकड़ी, अभरख और पत्थर जंगलों से निकाले जा रहे हैं। क्योंकि उनको लगाम लगाने के लिए वन प्रशासन के पास कोई विकल्प नहीं है। फिर भी सरकार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग और सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है।धरना प्रदर्शन के छठे दिन कल वन, वन संपदा तथा वन्य प्राणियों की नुकसान को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव तथा मंत्री हफीजुल हसन से भी मिला। परंतु सरकार द्वारा कोई सकारात्मक, ठोस और लिखित आश्वासन नहीं मिलने पर धरना प्रदर्शन को जारी रखने का निर्णय लिया गया। धरना स्थल से सभी ने 2014 के वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में हुए संशोधन को रद्द करते हुए उसे यथावत रखने की मांग की। धरना में हजारीबाग जिले की वनरक्षियों की शत प्रतिशत उपस्थित थे। उक्त बात की जानकारी जिला मंत्री झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ ने दी।

# एक नजर में

## श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा



**रामगढ़।** साहू धर्मशाला में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा को लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। यात्रा कथा स्थल साहू धर्मशाला से शुरू होकर झंडा चौक, थाना चौक होते हुए दामोदर नदी पहुंची। जहां महिला और युवतियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा। कलश यात्रा थाना चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, झंडा चौक होते हुए वापस कथा स्थल साहू धर्मशाला पहुंची। जहां विधि पूर्वक महिला और युवतियों ने कलशों को स्थापित किया। कलश यात्रा के दौरान राजू हलचल टीम ने आकर्षक झांकियां पेश कर कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से झारखंड वैश्य समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता, समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, कमल बगड़िया, महेश मारवाह, अरूण कुमार महतो, रवि साहु, मनोज मंडल, विनोद साव, अरविंद अग्रवाल, जीतू अग्रवाल,मधु गुप्ता, संयोजक उमेश प्रसाद गुप्ता, शिव शंकर साहु, विनोद जायसवाल, सुरेन्द्र प्रसाद छोटे, विनोद नमक, प्रमोद प्रसाद, नवल साव, लखन साव, शंभू साव, सुनील साव आदि शामिल हुए।

## हर व्यक्ति एक पौध लगायें : अंजना सिंह



**रजरप्पा।** झारखंड स्टेट लाइवली हूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सखी मंडल की बहनों द्वारा ड्राइव मूड किया गया, जिसमें कलस्टर संगठन, ग्राम संगठन एवं स्वंय सहायता समूह का पुस्तक का लेखांकन और अपडेट सभी पंचायत एवं ग्राम में किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस की बीपीएम अंजना सिंह, सीसी संजना, बिरजू, नरेंद्र, आईपीआरपी कलावती, उर्मिला एवं सभी सक्रिय महिला, एमबीके, बैंक सखी आदि मौजूद थी। वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। अंजना सिंह ने कहा कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## सड़क विकास का पैमाना : अंबा प्रसाद



**मतकमा रेलवे फाटक से मंडाटांड़ तक 1.9 किमी पथ विधायक ने किया शिलान्यास**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के मतकमा रेलवे फाटक से मंडाटांड़ तक 1.9 किलोमीटर पथ जाने वाली ग्रामीण पथ का गुरुवार को विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काट और नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत होगा। जिसका संवेदक क्लासिक कंपनी है। इसके पूर्व मतकमा पहुंचने पर विधायक अंबा प्रसाद का ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। उक्त सड़क के जर्जर रहने से यहां के ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विधायक ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने की हिदायत देते हुए कहा कि इस सड़क को बनाने की मांग लंबे समय से ग्रामीण करते आ रहे थे। उक्त सड़क के बन जाने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी आवागमन में काफी सुविधा होगी। मौके पर शिवनारायण यादव, राजकिशोर पांडेय, बलदेव राम, गंगाधर कुशवाहा, राकेश मुंडा, मुनेश्वर बेदिया, राजलाल मुंडा, इमरान अंसारी, दयाशंकर यादव, महेंद्र मुंडा, रविंद्र मुंडा, राजू यादव, कार्तिक महतो, हीरो मुंडा, बसंत कुमार यादव सहित भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## कुजू नयामोड़ में वाहन जांच अभियान



**कुजू।** मांडू अंचलाधिकारी मुद्दसर नजर मंसूरी ने कुजू पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान उन्होंने चार पहिया वाहनों के चालको से वाहनों से संबंधित कागजातों का जांच किया। वाहनों के जांच के दौरान वीडियोग्राफी भी की जा रही थी। साथ ही भाजपा झंडा लगे वाहनों एवं बसो को रुकवाया गया और चालकों से पूछताछ किया। इस संबंध में अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सामान्य जांच अभियान है। बताया जाता है कि भाजपा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली में जाने वाले लोगों के वाहनों को के लिए जांच अभियान था। मौके पर ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय समेत कई पुलिस बल शामिल रहे। इधर नेताओं के वाहनों में लगे नेमप्लेट को खोलवाया गया।

# चतरा शहर में अपराधियों का आतंक जारी

## स्टेट बैंक के एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम देकर लगाई आग

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** शहर में अपराधियों और चोर गिरोह के सदस्यों का आतंक जारी है, जो लगातार छोटी-बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता के कारण शहरवासियों में भय का माहौल है। हाल ही में, चोरों ने स्टेट बैंक के एटीएम मशीन को निशाना बनाया, जिससे दहशत का माहौल कायम हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर के तपेज ईलाके में स्थित स्टेट बैंक तपेज शाखा के एटीएम को देर रात चोरों ने निशाना बनाया और मशीन को तोड़कर करीब चार लाख रुपये चुरा लिए। चोरी करने के बाद चोरों ने एटीएम को आग के हवाले कर दिया।

घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को तब मिली जब वे सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले और बैंक से धुआं उठता देखा। लोगों ने तुरंत सदर थाना पुलिस और बैंक कर्मियों को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिंगरप्रिंट टीम को भी बुलाया गया है जो मामले की हर बिंदु की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस एटीएम और बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, हालांकि चोरों ने एटीएम के सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस बैंक कर्मियों और शाखा प्रबंधक से भी पूछताछ कर रही है। बैंक कर्मी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि एटीएम से कितने पैसे की चोरी हुई है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई, अपराधियों की होगी गिरफ्तारी :** हालांकि इस पूरे मामले में जांच में जुटे पुलिस के कोई भी अधिकारी अभी कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। जांच अधिकारियों ने कहा है कि जांच के बाद ही घटना में सम्मिलित अपराधियों और चोरों के साथ-साथ घटना से संबंधित जानकारी दी जा सकती है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। पुलिस अधिकारियों ने अस्वस्थ किया है कि जल्द ही घटना में संयुक्त चोरों और अपराधियों को दबोचते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

**पूर्व में भी एटीएम उखाड़कर ले जा चुके हैं अपराधी :** गौरतलब है कि इससे पूर्व भी स्टेट बैंक के तपेज शाखा में लगे एटीएम को अपराधी अपना निशाना बन चुके हैं। उस दौरान अपराधियों ने एटीएम मशीन को तोड़कर पहले नगदी लूटने का प्रयास किया था। जब वह सफल नहीं हुए थे तब एटीएम मशीन को ही मौके से उखाड़ कर घसीटते हुए पिकअप गाड़ी में बांधकर जंगल की ओर ले गए थे। जंगल ले जाने के बाद मशीन को काटकर अपराधियों ने कैश लूट थे। इस पूरे मामले में पुलिस ने घटना के करीब चार दिन के बाद क्षतिग्रस्त एटीएम मशीन को गिद्धौर थाना क्षेत्र के जंगल से बरामद किया था।

# पॉक्सो एक्ट 2013 पर वेबिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं साक्षी द रक्षिण प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में विषय स्टॉप सेक्सुअल हरासमेंट ऑन वर्कप्लेस, पोक्सो एक्ट 2013 पर वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता वैशाली रमेश, साक्षी द रक्षिण प्रोजेक्ट द्वारा पॉक्सो एक्ट 2013 से सम्बधित विविध जानकारी साझा करते हुए कार्यस्थल एवं यातायात के दौरान बच्चियों एवं महिलाओं के साथ दिन प्रतिदिन होने वाले यौन उत्पीड़न के निवारण को कार्यक्रम में पीपीटी द्वारा विस्तृत रुप से जानकारी दिया गया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की सभी महिलाओं एवं बच्चों को पोक्सो एक्ट की जानकारी होना अति आवश्यक है। जिससे सभी महिलाएं यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक रहेगी एवं महिलाओं के खिलाफ हो रहे यौन उत्पीड़न के लिए कार्रवाई कर सकेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा आजादी के 78वें वर्ष में बच्ची एवं महिलाएं आज भी सुरक्षित नहीं महसूस करती है, आज भी सैकड़ों घटनाएं घटित होती रहती है। हमें बच्चियों एवं कामकाजी महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग, सशक्त एवं जागरूक करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रहे यौन उत्पीडन पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के उपरांत प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर मुख्य वक्ता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साक्षी द रक्षिण प्रोजेक्ट संस्था की जील रमैया एवं तकनीकी सहायता गुड़िया दुबे की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में बीएड. सत्र 2023-25 के सभी प्रशिक्षु एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. पंकज कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

# भाजपा के हजारों कार्यकर्ता आक्रोश रैली में हुए शामिल, पुलिस ने बसों को कई जगह रोका

## विधायक डॉ.नीरा यादव के हस्तक्षेप के बाद कार्यकर्ता पहुंचे रांची



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले से भारी बारिश के बावजूद रांची में आयोजित आक्रोश रैली में हजारों कार्यकर्ता रांची के लिए कुच किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के आवाहन पर भाजपा एवं इसके कई इकाइयों के कार्यकर्ता झुमरीतिलैया, डोमचांच, कोडरमा ग्रामीण, सतगावां, मरकच्चो, नवलशाही, कोडरमा नगर, चंदवारा, जयनगर, परसादबाद, डोमचांच ग्रामीण, कोडरमा जिला के पदाधिकारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मंच मोर्चा के पदाधिकारी सभी मंडलों के अध्यक्ष, कार्यकर्ता हजारों की संख्या में रांची पहुंचे और हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टोली छोटे वाहनों, बसों के जरिए रांची के लिए रवाना हुई। रांची के पूर्व बूटी मोड़, ओरमांझी, रामगढ़, हजारीबाग, पदमा, बरही में बसों को पुलिस प्रशासन के द्वारा रोका गया। वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने हेमंत सरकार का विरोध करते हुए कहा कि वाहनों की जांच आज ही क्यों, इसके बाद विरोध करते हुए चुटूपाली टोल टैक्स से रुकी हुई बसों को आगे के लिए रवाना किया। इस दौरान सोशल मीडिया पर विधायक के द्वारा ताजा तस्वीर वायरल होती रही, जो की चर्चा का विषय बनी रही।

वहीं छोटी गाड़ियों से कार्यकर्ता भारी संख्या में मोराबादी मैदान पहुंचकर सभा को सफल बनाया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सहित कई संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक वर्तमान विधायक के साथ सेल्फी लेकर फोटो सोशल मिडिया में चलाया। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने रैली की मॉनिटरिंग फोन पर करते हुए बताया कि राज्य सरकार लाख कोशिश के बावजूद वाहनों को रोकना, युवाओं को परेशान करना, बसों के रास्ते को अवरुद्ध करना और रैली में कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस छोड़ना और पानी का फवारा छोड़ना जैसे कार्य के बाद भी युवा कार्यकर्ता में जोश देखा गया।

इसी का परिणाम है मोराबादी में आयोजित आक्रोश रैली में लाखों की संख्या में भाजपाई जूटे और सभा को सुने और सरकार के खिलाफ आगे भी आंदोलन जारी रखने की बात कहा।

रैली में नितेश चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, प्रकाश राम, रामनाथ सिंह, सुरेश यादव, देवनारायण मोदी, गोपाल कुमार गुतुल, शिवेंद्र नारायण, विजय यादव, मनोज कुमार झुन्नू, चंद्र शेखर जोशी, शशि भूषण प्रसाद, सूरज प्रताप मेहता, हरि पंडित, बालमुकुंद सिंह, सुधीर सेठ, अजय पांडेय, सुनील पंडित, मुकेश राम, महेश वर्मा, सुरेंद्र यादव, सुनील यादव, रमेश प्रसाद, राजेंद्र सिंह, विजय राणा, राजेश सिंह, विनय शांडिल्य, राजकिशोर प्रसाद, मीणा साव, रणजीत सिंह, बटेश्वर मेहता, संजय शर्मा, पीयूष सहल, निरंजन कसेरा, सुनील मंडल समेत हजारों कार्यकर्ता रांची पहुंचे।

### पुल टूटने के बाद अचानक घर में घुसा पानी, घर के अंदर एक व्यक्ति फंसा, ग्रामीणों ने सकुशल निकाला बाहर



**कोडरमा।** जिले के जेजे कॉलेज के समीप तेज बारिश में पुराना पुल टूटने से काली राणा के घर में अचानक बारिश का पानी घुसा गया। जिसके बाद घर का एक सदस्य घर के अंदर ही फंस गया। जैसे ही आसपास के लोगों को घर अंदर फंसे होने को सूचना मिली, काफी मसक्क्त के बाद घर के अंदर से सकुशल बाहर निकाला गया। वहीं घर के अंदर अचानक पानी आ जाने से घर का सारा सामान छतिग्रस्त हो गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एनएच निर्माण कार्य के समय निर्माणाधीन कंपनी के द्वारा लापरवाही बरतने के कारण यह घटना हुई है। इसके साथ ही बताया गया कि खेत में लगाया गया धान को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

# नगर क्षेत्र में फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

## मच्छरों का आतंक जारी, कोडरमा नगर परिषद, नगर पंचायत है उदासीन

ब्यूरो प्रमुख



**कोडरमा।** जिले में एक तरफ लोग डेंगू से भयभीत हैं, वहीं दूसरी तरफ मौसम में परिवर्तन के बाद मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इससे शहर के हरेक लोग परेशान हैं। मच्छरों से होने वाली रोगों से निबटने के लिए नगर परिषद, नगर पंचायत उदासीन है। नगर परिषद, पंचायत की ओर से फॉगिग नहीं करायी जा रही है। शहर में मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि सुबह से रात तक मच्छरों का आतंक जारी रहता है।

नगर परिषद, नगर पंचायत की फॉगिंग मशीन पड़ी है, जिसके बावजूद शहर में दवा का छिड़काव नहीं हो पा रहा है, इसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर में बढ़ती गंद्गी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। शहर को स्वच्छ रखने में अक्षम साबित हो रही नगर परिषद, नगर पंचायत प्रशासन मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से भी पूरी तरह उदासीन बना है। नगर परिषद क्षेत्र में जगह-जगह गंद्गी के कारण शहर के लोगों का मच्छर खून चूस रहे हैं। सफाई पर प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च के बाद भी गंद्गी का ही आलम है। शहरवासी मच्छर के प्रकोप से बचने के लिए मच्छरनाशक क्वायल, बिजली से चलने वाली मच्छरनाशक उपकरण का सहारा ले रहे हैं। इस पर शहरवासियों का प्रतिदिन सैकड़ों रुपए खर्च करना पड़ रहा है। वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि मच्छर जनित रोगों में मलेरिया, कालाजार, डेंगू जैसे रोगों का खतरा बना रहता है। डेंगू के लक्षण में बदन दर्द के साथ बुखार, बेहोशी, ठंडा लगने के साथ बुखार आना है। ऐसे में तुरंत चिकित्सक से उचित सलाह लिया जाना चाहिए। घरों के अलावा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा मच्छरों को पनपने वाले स्थान की साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

### डेंगू और मलेरिया का हो सकता है खतरा : डॉ.मनोज

जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में हालत बहुत नाजुक है। सभी को सजगता के साथ रहना है, मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, इससे डेंगू मलेरिया का खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से बीमारी बढ़ सकती है, दवा का नियमित छिड़काव जरूरी है। घरों और आसपास में सफाई बहुत जरूरी है।

# विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव, अध्यक्ष बने रंजन सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** राधा कृष्ण बल्लभ प्लस उच्च विद्यालय इटखोरी में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव में रंजन कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। निशा देवी को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया।संतन पांडेय, विनय साव, रूपा देवी, मनीता देवी और अनिता मरांडी को समिति के सदस्यों के रूप में चुना गया। पूर्व अध्यक्ष सतीश सिंह ने मनोनीत अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया।

चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और इस अवसर पर पर्यवेक्षक विकास कुमार सोनी, प्रधानाध्यापक प्रमोद प्रसाद, शिक्षक रंधीर, बिरजू, त्रिभुवन, पूर्व अध्यक्ष सतीश सिंह और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### माले जिला कमिटी की बैठक में एकता रैली को सफल बनाने का निर्णय



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माले जिला कमिटी की बैठक झुमरीतिलैया पार्टी कार्यालय में जिला सचिव राजेंद्र मेहता की अध्यक्षता में संपन्न। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा जिला प्रभारी सह केंद्रीय कमेटी के सदस्य जनार्दन प्रसाद उपस्थित थे। 9 सितंबर धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में मासस के माले में विलय को लेकर एकता रैली को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कोडरमा जिला से हजारों की संख्या में रैली में लोग भाग लेंगे सभी गांव में ब्रांच कमेटी को दुरुस्त कर संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।

# डीडीसी ने बिरसा फसल बीमा जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विकास भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में घूम-घूम कर किसानों को जागरूक करेगा। खरीफ मौसम वर्ष 2024-25 के लिए अगहनी धान एवं भदई मक्का को अधिसूचित किया गया है। अगहनी धान की बीमा राशि 60500 रुपये प्रति हेक्टेयर और भदई मक्का की बीमा राशि 46000 रुपये प्रति हेक्टेयर है।गैर ऋणी किसानों को फसल बीमा के लिए केवल 1 रुपया टोकन राशि का भुगतान करना होगा। आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राजस्व अधिकारी द्वारा जारी भूमि प्रमाण पत्र/नई रसीद, मुखिया/ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा सत्यापित वंशावली, शेयरधारक द्वारा पट्टा/विभाजन प्रमाण पत्र (नोटरीकृत शपथ पत्र), मोबाइल नंबर और प्रमाणित फसल बुआई प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। जागरूकता रथ रवाना करने के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सजीव भौमिक सहित अन्य उपस्थित थे।

# एडुमेटा द आई स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा के सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल परिसर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा और बाल लीलाओं से जुड़ी अपने नटखट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया और अलग-अलग झांकियां भी प्रस्तुत की। स्कूल निदेशक मधु कुमारी ने अपने विचार रखे और कृष्ण भगवान के बाल रूप से अवगत कराया। बच्चों में कृष्ण के रूप में सूर्यांश और राधा का रूप धरे आदिति व प्रिशा प्रकाश ने खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की एडमिन श्रुति रॉय, कार्यक्रम संयोजक ज्योति, शिक्षिका स्वाति के मार्गदर्शन में हुआ। स्कूल के बच्चों रिषित राज, काशवी, वाणी, आद्विक, नियांश, प्रिशा, सूर्यांश, आदिति, प्रिशा, आव्या, गोलू, अर्णव, तृषिका, रुद्र, युवान, गर्वित, अभिनव ने जन्माष्टमी के आयोजन में भाग लिया।

# भाजपा आक्रोश मार्च निकालकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही हैं : पंकज

## चतरा में झामुमो का झारखंड अधिकार मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा चतरा जिला कमिटी के नेतृत्व में झारखण्ड अधिकार मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज कुमार प्रजापति ने किया। झामुमो का अधिकार मार्च झामुमो जिला कार्यालय से निकलकर केसरी चौक होते हुए विकास भवन के समीप धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि केंद्र में भाजपा की गठबंधन सरकार युवा विरोधी और विकास विरोधी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब विधानसभा से 1932 का खतियान लागू करने हेतु अनुशंसा भेजी गई तो भाजपा के इशारे पर उसे आज तक रोका गया।केंद्र सरकार इडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के माध्यम से विभिन्न राज्यों में जहाँ एनडीए की सरकार नहीं है, वहाँ सरकार को अपदस्थ करने का काम करती है। झारखंड के आदिवासी भाइयों और बहनों को सरना धर्म कोड पास करने का आश्वासन देकर उन्हें ठगने का काम किया गया। आठ लाख गरीबों को आवास नहीं देकर ठगने का काम मोदी सरकार ने किया और अबुआ आवास देकर हेमंत सोरेन ने सबको मान सम्मान देने का काम किया। वही छात्रों को पढ़ाई के लिए गुरूजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बिदेश तक उच्च शिक्षा हेतु भेजने का काम किया। सरकार आपके द्वार के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनमानस को देने का काम किया गया। वही झारखण्ड के हिस्से का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि केंद्र की मोदी सरकार दबाए बैठी है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को लाभ मिल रहा है। यही हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया करवा रही हैं। साथ ही मुख्यमंत्री मईयाँ सामान योजना (जेएमएम सम्मान योजना) के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की बहनों को प्रतिमाह एक हजार की राशि उनके खाते में देने का काम हेमंत सोरेन ने किया और साथ ही कई अन्य लाभकारी योजना हेमंत सरकार धरातल पर उतारने और लोगों को लाभान्वित करने का काम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर जागरूकता रथ रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पल्स पोलियो अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को सदर अस्पताल परिसर से एसीएमओ सह उपाीक्षक डॉ. रजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार एवं डीपीएम महेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया गया। प्रचार प्रसार राथ के माध्यम से जिला अंतर्गत सभी लोगों को पोलिया अभियान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर विनीत अग्निहोत्री, शंभु कुमार, रूपेश कुमार, मुकेश राणा, अभिजीत कुमार, इंदिरा कुमारी, विशाल राणा, राहुल कुमार, अजय कुमार मोदी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**स्पीड न्यूज**

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत 26 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का किया वितरण


बतख चुजा लेते किसान।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 26 लाभुकों के बीच प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम पशु चिकित्सा प्रभारी सुशीला बागे ने 15-15 बत्तख व दवाई का वितरण किया। जिसमे आमरवाडीह, टोंटी, बालूभांग पंचायत के लाभुको को इस योजना का लाभ दिया गया। वहीं प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा की मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2024-25 के तहत स्वीकृत 26 लाभुकों को 15-15 बतख व दवाइयां दिया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे ने कहा की आशा है कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। और बत्तख के चूजे का रख रखाव, खान पान अच्छे से करेंगे। साथ ही इसमें होने वाले बीमारियों का रोकथाम के लिए आवश्यक उपचार के संबंध में भी जानकारी दी। मौके पर जिला परिषद् सदस्य रमेश राम, बिनोद बैठा सहित कई लाभुक मौजूद थे।

## तीनदिनी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ


शुभारंभ करते लोग।

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मनरेगा अन्तर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ का प्रखंड स्तरीय गैर आवासीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का पहले दिन का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ चंदन प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम बैच में कुल 09 ग्राम पंचायतों के मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरूआत प्रथम दिन मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुकला के द्वारा किया गया। उनके द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जॉब कार्ड व अन्य के बारे में बताया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, पंचायत राज्य स्वशासन परिषद सदस्य सत्यानन्द शुक्ला प्रथम बैच हेतु चयनित पंचायत के मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ समेत अन्य उपस्थित थें।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण


साईकल वितरण करते अधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त नि:शुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आठवीं क्लास के छात्र-छात्राओं के बीच 123 साइकिल का वितरण किया गया। जिसमे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नचना मे 18 व राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा मे 25,बढेठ विद्यालय मे 29 नावाडीह विद्यालय मे 17 तथा गड़गोमा विद्यालय मे 34, कुल 123 साईकिल का वितरण किया गया। वही नि: शुल्क साईकिल पाकर छात्र छात्रा खुश दिखे। छात्र-छात्राओं ने कहा कि स्कूल आने-जाने में कई तरह की परेशानी होती थी। लेकिन अब साइकिल मिल जाने से आने जाने में परेशानी से निजात मिलेगा। मौके पर प्रखंड एमआईएस समन्वयक नितीश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मृत्युंजय सिंह, सहायक शिक्षक मिथिलेश कुमार मेहता, दयानंद उरांव, चंद्र प्रकाश पांण्डेय सहित काफी संख्या मे छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

## समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म द्वारा जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के ग्राम केना एवं जालिम कला में समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पुणे की ओर से शुक्रवार को 'जैविक खेती' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंपनी के नॉर्थ जोन मैनेजर सौरव सैनी ऑडियो-विजुअल के माध्यम से संवाद किया तथा प्रशिक्षण एवं विस्तार अधिकारी रुपेश ठाकुर एवं प्रकाश यादव ने उपस्थित किसानों का मार्गदर्शन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंपनी के कोऑर्डिनेटर रविंद्र कुमार सिंह और सौरभ कुमार ने भी भाग लिया। भारत में जैविक खेती की विभिन्न प्रथाएं हैं लेकिन प्रमाणीकरण के लिए एनपीओपी मानकों को समझना महत्वपूर्ण है। दुनिया भर से गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पादों की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और किसानों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म के मॅनेजिंग डायरेक्टर प्रशांतजी मोरनकर के मार्गदर्शन में, किसानों के कल्याण के लिए कई प्रभावी गतिविधियाँ क्रियान्वित की जा रही हैं, और जैविक कृषि उपज की खरीद के लिए विभागवार किसान सुविधा केंद्र शुरू किया जा रहा है। आज आयोजित प्रशिक्षण मे जैविक खेती का प्रमाणीकरण, जैविक खेती के लिए आवश्यक इनपुट के बारे में मार्गदर्शन दिया गया और आईएफसीओ बायोकंपोजर कल्चर लातेहार में किसानों के समूह को नि:शुल्क वितरित किया गया। इस प्रशिक्षण में ग्राम केना में 22 किसान और ग्राम जालिम कला में 25 किसान उपस्थित हुए।

### युवा आक्रोश रैली में चंदवा से सैकड़ो भाजपाई हुए शामिल

# भाजपाइयों को पुलिस द्वारा रोके जाने से रोष

**भाजपाइयों ने कहा युवाओं को रोकने के लिए हेमंत सरकार कर रही तानाशाही**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मौके पर उपस्थित भाजपाई।

**चंदवा।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कमिटी के आह्वान पर रांची के मोरहाबादी में शुक्रवार को आहूत युवा आक्रोश मार्च में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा की अगुवाई में चंदवा मंडल के विभिन्न बूथों से सैकड़ो की संख्या भाजपाई शामिल हुए। रैली में जा रहे हैं भाजपाइयों को रोकने को लेकर प्रशासन के द्वारा तैयारी पूरी की गई थी व जगह-जगह पर वाहन जांच अभियान लगा कर रोकने का प्रयास किया गया, जिसको लेकर भाजपाई खासे नाराज देखे गए। अपने काफिले के साथ पलामू से रैली में जा रहे पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता कुमार जय मंगल सिंह, चंदवा मंडल से रैली में जा रहे मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता समेत कई नेताओं को एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत बोरसीदाग के पास सीओ जयशंकर पाठक, इंस्पेक्टर रणधीर कुमार व बीडीओ चंदन प्रसाद के नेतृत्व में प्रशासन के द्वारा आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया गया, जिसके बाद भाजपाई विफर गए व सड़क पर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर जमकर नारेबाजी करते हुए तानाशाह करार दिया। हालांकि कुछ देर तक नोक झोंक होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि युवाओं की आवाज को दबाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार तानाशाही पर उतर गई है, युवा आक्रोश रैली में जाने से युवाओं व कार्यकताओं को जगह-जगह पर रोकने का प्रयास करना दुर्भाग्य पूर्ण व लोकतंत्र की हत्या है। युवा आगामी विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी व निक्कमी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेगी। चंदवा से युवा आक्रोश रैली में शामिल होने वालों में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, दीपक निषाद, मनीष कुमार चांदो, सूर्यनारायण साहू, शंकर साहू, हीरामणि देवी, शिवकेश्वर यादव, रामकिशुन गंझू समेत सैकड़ो भाजपाई शामिल हैं।

## पल्स पोलियो जागरूक रथ को किया गया रवाना

**चंदवा।** रविवार 25-27 अगस्त तक चलने वाले विशेष पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग के तैयारी पूरी कर ली है। अभियान की सफलता को लेकर शुक्रवार को चंदवा सीएचसी से जागरूकता रथ को रवाना किया गया, जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर लोगो को पोलियो के प्रति जागरूक करेगी। इस मौके पर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉक्टर नीलिमा कुमारी व कंचन बाड़ा ने बताया कि भारत पोलियो के खिलाफ जंग लड़ रही है व पोलियो उन्नमूलन के काफी करीब है, ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि जबतक देश पोलियो से पूरी तरह मुक्त न हो जाये तबतक हम सभी को मिलकर पोलियो के खिलाफ जंग जारी रखना है। मौके पर डॉ. मनोज कुमार, कर्मी विनीता कुमारी, एमटीएस कृष्णकांत, प्रभु कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा मे अध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रधानाध्यापक पर लगाया पक्षपात का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विरोध करते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा मे अध्यक्ष चुनाव मे प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा पक्षपाती कर चुनाव कराने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीण सरजू प्रजापति, रंजीत गंझु, धन्यजय गंझु,लगन गंझु, धानेश्वर गंझु, सुगदेव गंझु, रामा गंझु, बीरबल प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, राकेश प्रजापति, गुलाबी गांझु,अजय गंझू, सुरेश उरांव, राजेश उरांव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह ने पक्षपाती करते हुए गांव के व्यक्ति की अध्यक्षता मे पहले ग्रामीणों से हस्ताक्षर करवाए। और बंद कमरे मे मनमानी तरीके से रविंद्र सिंह को अध्यक्ष बना दिया गया। जिसका ग्रामीणों ने घोर विरोध करते हुए उपायुक्त से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा की अध्यक्ष चुनाव के बैठक के पूर्व ही प्रधानाध्यापक द्वारा सभी सदस्य का नाम लिख दिया गया था। मात्र अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष का कॉलम खाली रखकर अपने मन पसंद से अध्यक्ष को चुनाव किया है। जबकि सर्वसम्मती से सहमति लेनी चाहिए। दिखावा करने और फोटो लेने के लिए ग्रामीणों को बुलाकर बंद कमरे मे अध्यक्ष का नाम चुनाव कर दिया गया। ग्रामीणों ने चुनाव को रद करते हुए वरिये शिक्षा अधिकारी व उपायुक्त से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध मे प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह से बात किए जाने पर बताया की जिनका बच्चा विद्यालय मे पढता है उसी को अध्यक्ष सचिव चयन किया जाता है। चुनाव नियमित किया गया है। इस चुनाव से ग्रामीण असहमत है तो दुबारा तिथि निकाल कर चुनाव कराया जायेगा।

# रैली में शामिल होने जाने जा रहे भाजपा विधायक और कार्यकताओं को रोका गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मौके पर मौजूद विधायक व अन्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला में शुक्रवार को युवा आक्रोश रैली मे शामिल होने जा रहे भाजपा के पांकी विधानसभा के विधायक शशि भूषण मेहता एवं उनके सैकड़ो समर्थकों को पुलिस ने रोक दिया गया। इसके बाद विधायक शशि भूषण मेहता एवं उसके समर्थकों ने पांकी बालूमाथ एवं बालूमाथ रांची पथ को जाम कर दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान विधायक शशि भूषण मेहता एवं उनके समर्थकों ने युवा विरोधी सरकार गद्दी छोड़ो हेमंत सोरेन मुदार्बाद कोयला चोर बालू चोर सरकार गद्दी छोड़ो समेत कई नारे लगाए। मौके पर बोलते हुए विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में वादा किया था कि 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे एवं नौकरी नहीं मिलने पर स्तनातक पास को 5,000 रुपया बेरोजगारी भत्ता देंगे। वहीं एमए पास को 10,000 बेरोजगारी भता देंगे। लेकिन उन्होंने आज तक किसी बेरोजगार को एक रुपया नहीं दिया। नौकरी के लिए जेपीएससी, जेएसएससी, नीट का एग्जामिनेशन निकला भी तो उसका एक्जामिनेशन पेपर पैसा लेकर नौकरी को बेच दिया। इस बात को देखते हुए भाजपा ने निर्णय लिया की ऐसी भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करके ऐसी सरकार को हटाया जाए। लेकिन राज्य की युवा और भाजपा कार्यकर्ता रांची जाने निकले थे।तो उन्हें जगह-जगह पर रोकने काकाम किया। पांकी से सुबह से जनआक्रोश रैली के लिए निकले भाजपा कार्यकर्ताओं को पहले हेरहंज अब बालूमाथ में रोका जा रहा है। यह राज्य सरकार की तानाशाही जब युवा अपना हक मांगने के लिए रांची जाना चाहते हैं तो उन्हें रैली में शामिल नहीं होने दिया जा रहा है। यहां के थाना प्रभारी और एसपी ने मिलकर युवाओं को रोकने का कार्य किया है हेमंत सरकार को मैं कहना चाहता हूं कि दम है कितने दमन में तेरा देख लिया है देखूंगा। अब झारखंड के युवा और महिलाएं जाग चुकी हैं अब हेमंत सोरेन तुम गद्दी छोड़ो। जिस तरह से अपने प्यार से चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया था और उन्हें धक्का देकर उतारने का काम किया। इस तरह अब राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार को यहां की जनता धक्का देकर उतारने का काम करेंगी।

## 25 दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार प्रखंड के ग्राम नावाडीह व चंदवा प्रखण्ड के बरवाटोली पंचायत के रुद गांव में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड लातेहार के बैनर तले शुक्रवार को प्रशिक्षण एजेंसी सीसीडीएस रांची के तत्वावधान में अनुसूचित जाति के बांस हस्तशिल्पकारों के प्रशिक्षण को लेकर 25 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विशेष घटक योजना के अंतर्गत किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योग विभाग के जिला उद्यमी समवयक हेमंत केसरी, प्रखंड समन्वयक अभिषेक कुमार गुप्ता एवं सीसीडीएस के प्रशिक्षण प्रभारी अब्दुल मसीर अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान चयनित 20 प्रशिक्षुओं को टूल किट दिया गया। इस दौरान जिला उद्यमी समवयक श्री केसरी ने कहा कि बांस कला का प्रशिक्षण देकर सभी को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्वरोजगार हेतु कलस्टर का निर्माण करना है। प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान लाभुको को आधुनिक बांस सामग्री बनाने हेतु प्रशिक्षण में पैन स्टैंड, हैंगिंग लाइट, फर्नीचर, सिलिंग लाइट, ट्रे, फ्लावर पोर्ट समेत कई बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड के बच्चन यादव दूसरी बार बने प्रांतीय यादव महासभा के युवा जिला अध्यक्ष

- क्षेत्र के कई गन्यमान लोगों ने दिया बधाई
- संगठन के द्वारा सौंपे गए दायित्व पर खरा उतरने का हर संभव रहेगा प्रयास: बच्चन यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बच्चन यादव।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी बच्चन यादव को समाज के प्रति अच्छे कार्यों को देखते हुए दूसरी बार प्रांतीय यादव महासभा के द्वारा लातेहार जिला का युवा अध्यक्ष बनाया गया है जिसे लेकर क्षेत्र व समाज के लोगों में काफी खुशी का माहौल बना हुआ है। बता दें कि 21 अगस्त को प्रांतीय यादव महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास यादव के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य के सभी जिलों में युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों का मनोनयन किया गया था जिसमें बच्चन यादव को प्रांतीय यादव महासभा का युवा जिला अध्यक्ष लातेहार मनोनीत किया गया है। मौके पर बच्चन यादव ने कहा कि संगठन के द्वारा दूसरी बार जिस भरोसे,उम्मीद और आशा के साथ मुझे दायित्व सौंपा गया है। उस भरोसे पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का मेरा हमेशा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आज भी शिक्षा की कमी है इसलिए महासभा के संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने के लिए घर-घर शिक्षा का अलख जगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम समाज के हित के लिए शैक्षिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए हमेशा कार्य कर समाज को नई दिशा देने के लिए तत्पर रहेंगे। वहीं बच्चन यादव को पुनः प्रांतीय यादव महासभा का युवा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष मोहर यादव, मनिका निवासी बली प्रसाद यादव, दरोगी प्रसाद यादव, केदार यादव, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, कमलेश यादव, आलोक यादव, अंकित राज गोलू, शंभू यादव, अरुण यादव, विनोद यादव, उमेश यादव, राहुल यादव, सागर यादव, सकलदीप यादव, शंकर यादव, अजीत यादव, बलराम यादव समेत समाज के कई गन्यमान लोगों ने बधाई दिया है।

**एक नजर में**

## 40 किसानों के बीच 15-15 पीस बतक चुजा का किया गया वितरण


चुजा लेते हुए किसान।

**चंदवा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की पहल पर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ स्थानीय किसानों को लगातार मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय पशुपालन विभाग कार्यालय में बत्तख चूजा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सरोज केरकेट्टा, जनसाहा संस्था से अवध कुमार मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने बारी बारी से सभी उपस्थित लाभुक किसानों के बीच चूजा का वितरण किया। अतिथियों ने इससे आर्थिक समृद्धि लाने की बात भी कही। बिससूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का पहल ग्रामीणों के स्वावलंबन के दिशा में क्रांतिकारी कदम है। इस संबंध में डॉ सरोज ने बताया कि प्रखंड के आज कुल 40 पशुपालकों के बीच 15-15 चूजा वितरित किए गए। यह चुजा जनसाहा संस्था के द्वारा प्रदत्त है। जिसे मुफ्त में दिया गया है लोग इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा आने वाले दिनों में बकरा शुकर समेत अन्य पशु भी देने की योजना है। इसके लिए समय-समय पर किसानों को जानकारी दी जा रही है।उन्होंने बताया कि चुजा के साथ चारा व दवाइयां भी दी गई है। पशुओं में बारिस के दिन में होने वाले रोगों एवम उपचार को लेकर भी विस्तार से बताया। मौके पर कई किसान मौजुद थे।

## आदिवासी समाज के युवाओं ने भाजपा की रैली से बनाई दूरी : आशुतोष सिंह चेरो


आशुतोष सिंह चेरो।

**लातेहार।** शुक्रवार को राजधानी रांची में आहूत भाजयुमो युवा आक्रोश रैली बुजुर्ग आक्रोश रैली बन कर रह गया। कारण कि आदिवासी समुदाय के युवा इस रैली से अपने आप को कोसो दूर रखें और रैली में जाना उचित नहीं समझें। उक्त बातें आदिवासी अगुआ सह पलामू किला सोहराई जतरा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह चेरो ने खबर मंत्र से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि राज्य के एक स्थाई आदिवासी सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को ईडी के माध्यम से भाजपा सरकार ने फसा कर जेल भेजा और प्रताड़ित किया जो कि हम आदिवासी समुदाय के स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने के बराबर था। हम आदिवासियों को न्यायपालिका पर भरोसा था। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने झूठे आरोपों को निराधार बताया और हेमंत जी को क्लीन चिट देकर झूठे आरोपों से बरी किया। उन्होंने यह भी कहा कि हम आदिवासी समुदाय के लोग किसी भी दल में रहें लेकिन आदिवासी समुदाय पर बात आ जाए तो हम दल का त्याग करके समाज के साथ चलते है। झारखण्ड का मालिक झारखंडी होगा गैर झारखंडियों की रैली में आदिवासी क्यों जाएगा। 3% की आबादी वालों की रैली में आदिवासी मूलवासी का कोई काम नहीं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों, जल-जंगल-जमीन, आदिवासियों का विस्थापन एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के चलते आज आदिवासी मूलवासी ने भाजपा जैसे राजनीतिक दल से दूरिया बना ली है। मैं आदिवासी आगुआ होने के नाते झारखंड के तमाम आदिवासी सामुदाय से अपील करता हूं कि भाजपा की बातो में ना आऐ अपनी जल जंगल जमीन बचाने की आगुआई स्वयं करें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### विडंबना : जान जोखिम में डालकर उफनते नदी-नाले को पार करते है ग्रामीण व स्कूली बच्चे

# ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है नदी पर पुल नहीं होने का दर्द

- कई बार हादसे का शिकार हो चुके है ग्रामीण

**दीपक राज**


बहाव कम होने का इंतेजार करते ग्रामीण।


जान जोखिम में डाल बाइक पार करते ग्रामीण।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में निवास करने वाले ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर है। आजादी के 78 वर्षो बाद भी ग्रामीणों के बीच यह समस्या बनी हुई है। बारिश के समय ग्रामीणों को नदी पार करने की समस्या से जूझना पड़ता है। जिस कारण हादसे का डर बना रहता है। कई बार पैर फिसलने के कारण लोग हादसे का शिकार और घायल हो चुके है। शुक्रवार को चहल गांव स्थित पिछड़ी नदी से यह तस्वीर निकल कर सामने आई है। जहां लोग उफनते नदी को जान जोखिम में डालकर पार कर रहें है। मिली जानकारी के अनुसार लाभर से चुंगरू होते हुए नावाडीह तक जाने वाले मार्ग में चहल गांव के दोमुहान के पास यह पिछड़ी नदी बहती है। बारिश के दिनों में यह नदी उफान पर रहती है। जिसमें पुल नहीं बनने से आवागमन बाधित हो जाता है। खासकर स्कूली बच्चे, मरीजों और प्रसव पीड़िता महिलाओं को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नदी के दोनों छोर पर लोग घंटो खड़े होकर पानी कम होने का इंतेजार करते है। बता दें कि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के अथक प्रयास से लाभर से चुंगरू होते हुए नावाडीह तक सड़क व नदी पर पुल की स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य का शिलान्यास भी वर्षो पूर्व किया जा चुका है, लेकिन संवेदक द्वारा अब तक पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। नदी पर पुल नहीं होने का दर्द ग्रामीणों के साथ जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को भी सहना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते पुल का निर्माण हो जाता तो यह स्थिति आज हमलोग को नहीं देखनी पड़ती। इस संबंध में सड़क का निर्माण कार्य करा रहे संवेदक सोहेल जी से दूरभाष पर संपर्क स्थापित करने की कौशिश की गई पर उन्होंने फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा। वहीं कार्य की देखरेख कर रहे मुंशी राकेश तिवारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी एक पुल का काम चल रहा है, उसके बाद बताएंगे।

# भाजपा की जनाक्रोश रैली पर बोले हेमंत-उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार यहां पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कद्दावर नेता चंपई सोरेन से जुड़े सवालों से बचते नजर आये। पत्रकारों ने जब सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि चंपई सोरेन ने अलग पार्टी बनाने की घोषणा की है, क्या आप उनके इस फैसले से नाराज हैं? हेमंत सोरेन ने कहा कि मेरी उनसे कोई नाराजगी नहीं है। उनके (चंपई सोरेन) के साथ पार्टी और हमलोगों का लंबा राजनीतिक रिश्ता रहा है। पत्रकारों ने जब रांची में भाजपा की आक्रोश रैली पर प्रतिक्रिया मांगी तो मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता में जिन लोगों के खिलाफ आक्रोश है वो ही आक्रोश रैली निकाल रहे हैं। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात हो गई है। इसके बाद चंपई सोरेन एवं पार्टी से संबंधित अन्य सवाल का जवाब देने से मुख्यमंत्री ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि वो अपने पार्टी के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता स्व. सुनील महतो व महिला मोर्चा की पूर्व सांसद सुमन महतो की बड़ी पुत्री के निधन के बाद पत्नी एवं पार्टी नेताओं संग हम शोक व्यक्त करने आये हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने हर कार्यकर्ता के दुःख-सुख में साथ रहती है।





अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि के बाद नमन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पहुंचे जमशेदपुर, पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन आज पूर्व सांसद दिवंगत सुनील महतो तथा पूर्व सांसद सुमन महतो के जमशेदपुर सोनारी स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पूर्व सांसद सुमन महतो की दिवंगत पुत्री अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सुमन महतो एवं उनके अन्य शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया। मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सुखराम उरांव, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी सहित अन्य लोगों ने भी दिवंगत अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## भटके बालक को पूर्व सीएम ने परिजनों से मिलाया

**गम्हरिया।** देवघर से भटक कर जमशेदपुर पहुंचे बालक को मंत्री चम्पाई सोरेन के प्रयास से उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया है कि झारखंड के देवघर जिला अंतर्गत पालाजुड़ी प्रखंड के मोरंगा गांव निवासी अनल हांसदा का पुत्र प्रेम हांसदा घर से भटक कर नौकरी के लिए जमशेदपुर शहर आ पहुंचा था। उस बालक की खोजबीन करके उसके परिजन काफी परेशान थे। इस बीच झामुमो कार्यकर्ता बालक प्रेम हांसदा को सकुशल बरामद करते हुए मंत्री चंपाई सोरेन के पास ले गए। मंत्री ने फौरन बालक के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें अपने घर बुलाया। इसके बाद अनल हांसदा का पूरा परिवार मंत्री चंपाई सोरेन के गम्हरिया स्थित जिलिंगगोडा आवास पहुंचे जहां अपने पुत्र को सकुशल पाकर काफी प्रसन्न हुए। बालक के परिजनों ने मंत्री का काफी आभार जताया।

# एनजीटी का बस्तीवासियों को नोटिस पर हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई से इनकार

### बस्तीवासियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने दायर की थी याचिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**कोलकाता/जमशेदपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल ने इन्द्रानगर- कल्याण नगर के बस्तीवासियों का घर टूटने के विरूद्ध बस्तीवासियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका इस आधार पर सुनने से इंकार कर दिया कि बस्तीवासियों का घर तोड़ने के लिए जमशेदपुर के अंचलाधिकारी द्वारा दी गई नोटिस का एनजीटी के प्रासंगिक मुकदमा से कोई संबंध नहीं है। एनजीटी ने वरीय अधिवक्ता को सुनने के बाद कहा कि जमशेदपुर अंचलाधिकारी की नोटिस का न तो दलमा इको सेंसिटिव जोन से इन घरों की दूरी का कोई संबंध है और न ही स्वर्णरेखा नदी तट से इनकी दूरी का कोई संबंध है। जमशेदपुर अंचलाधिकारी की यह नोटिस विशुद्ध रूप से ज़िला प्रशासन का मामला है। वरीय अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जमशेदपुर के तमाम अखबारों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हो रही है कि इन्द्रा नगर- कल्याण नगर के करीब 150 घरों को तोड़ने की नोटिस जिला प्रशासन ने एनजीटी के आदेश पर किया है तो एनजीटी की बेंच ने कहा कि इन घरों का उल्लेख एनजीटी के आदेशानुसार गठित संयुक्त जाँच समिति के प्रतिवेदन में नहीं है। झारखंड सरकार के वन पर्यावरण विभाग की रिपोर्ट में भी इनका उल्लेख नहीं है। झारखंड सरकार के मुख्य सचिव ने अभी तक शपथ पत्र नहीं दिया है कि किनके घर तोड़े जाएँगे। एनजीटी ने बस्तीवीसियों के अधिवक्ता श्री संजय उपाध्याय की दलील पर कहा कि आगे कभी झारखंड सरकार के किसी प्रतिवेदन में अथवा मुख्य सचिव के शपथ पत्र में इन घरों को एनजीटी के निदेर्शानुसार तोड़ने की बात आएगी तो उस समय आप इस मामला को लेकर एनजीटी के सामने आने के लिए स्वतंत्र हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता श्री संजय उपाध्याय की बात को कोर्ट ने ध्यान से सुना जिसमें उन्होंने कहा कि जमशेदपुर ज़िला प्रशासन ने एनजीटी के आदेश का हवाला देकर इन्द्रा नगर- कल्याण नगर के घरों को तोड़ने की नोटिस दिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसा होगा तब हम आपकी बात जरूर सुनेंगे।




एक नजर में

## चुनावी मेढक हैं डॉ. अजय कुमार, चुनाव सामने देख लगे टर्राने: सुबोध श्रीवास्तव



भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा है कि डॉ. अजय कुमार चुनावी मेढक हैं जो चुनाव सामने देख टर्र-टर्र करने लगे हैं। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि डॉ. अजय को बताना चाहिए कि वह इतने वर्षों तक कहां थे? अभी चुनाव देखा तो लगे टर्राने। जिन सरयू राय ने उस इलाके में लगातार मेहनत कर विकास के इतने कार्य करवाए, उन्हें क्रेडिटजीवी कहते डॉ. कुमार को शर्म भी नहीं आई। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 150 घरों को तोड़ने के संबंध में जब एनजीटी की तरफ से नोटिस आया, तब सरयू राय ही पहले शख्स थे जो उस इलाके में गए और लोगों को हौसला दिया। यह सरयू राय जी ही थे, जिन्होंने इस मुद्दे पर सबसे पहले फेसबुक लाइव की और तमाम दलों से कहा कि एक मंच पर आएं और 150 मकानों को तोड़ने से रोकने में सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टियों के पास वकीलों की लंबी फौज है। उस फौज का इस्तेमाल वह एनजीटी में करें तो सबका भला होगा। सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि सरयू राय क्रेडिट लेने के लिए यह सब नहीं कर रहे थे। वह सचमुच इन 150 मकानों को टूटने से बचाने के लिए प्रयासरत थे। इसी सिलसिले में वह दिल्ली गए, सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट संजय उपाध्याय से मिले, हाल ही में उन्होंने बस्ती वासियों से वकालतनामा भी भिजवाया। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय ने भुइयांडीह, बाबूडीह, लालभट्ठा आदि इलाकों में बीते 25 साल से नारकीय जिंदगी जीने वालों के लिए कई काम शुरू करवाए हैं।

## किसानों और सहकारी समितियों को मजबूत बना रही सरकार : दीपिका



कार्यक्रम को संबोधित करतीं कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविन्द्र भवन, साक्ची के सभागार में प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग दीपिका पांडेय सिंह शामिल हुईं। विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, विधायक पोटका संजीव सरदार, विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती, निबंधक (सहयोग समिति) सूरज कुमार, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पी.डी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, तीनों जिला सहकारिता पदाधिकारी, विभिन्न सहकारी संघों के प्रबंध निदेशक, लैम्पस/ पैक्स, विशेष प्रकार के सहकारी समिति के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह के हाथों 94 लाभुकों/ समितियों के बीच 4 करोड़ 85 लाख रू से ज्यादा की परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। लाभुकों/ समितियों के बीच परिसंपत्ति के रूप में सस्टेनेबल हार्वेस्टिंग टूल किट, लाह खेती योजनान्तर्गत प्रयुक्त होने वाले टूल किट्स, फसलोत्तर प्रबन्धन योजना के तहत लैक स्क्रैपर सह क्रसर मशीन, केसीसी, माइक्रो एटीएम, मोबाइल वेंडिंग कार्ट, मत्स्य जीवी सहयोग समिति हेतु आईस बॉक्स, टाना जाल, इलेक्ट्रॉनिक बैलेंस आदि वितरित किया गया। अपने संबोधन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती दीपिका ने कहा कि किसानों, सहकारी समिति के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है।

उन्होने कहा कि सरकार के योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं, सरकार पूरा सहयोग करेगी। सरकार का प्रयास है कि कृषकों के उत्पादों के खरीद-बिक्री, उपकरण संबंधी सहयोग हो या कृषि ऋण माफी, धान अधिप्राप्ति में उचित समय में भुगतान हर दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि महिलायें कृषि, पशुपालन के कार्यों का नेतृत्व करें। राज्य भर में 100 टळ और 500 टळ गोदाम बनाये जा रहे हैं ताकि अनाज सुरक्षित रखा जा सके।

## मंत्री दीपिका का कांग्रेसियों ने किया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार की माननीय मंत्री दीपिका पांडे सिंह का आगमन जमशेदपुर में हुआ। उनका स्वागत जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में सर्किट हाउस में किया गया। साथ ही जिला अध्यक्ष ने आग्रह किया कि कांग्रेस पार्टी का जिला कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आप सादर आमंत्रित हैं जिसे स्वीकार करते हुए दीपिका पांडे सिंह ने कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में पहुंचकर कांग्रेस कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। साथ ही जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस पदाधिकारी के साथ संगठन के संबंध में विचार विमर्श किया। जिला अध्यक्ष ने प्रोटोकॉल के तहत मंत्री श्रीमती पांडेय का स्वागत बुके प्रदान कर किया। साथ ही आगामी चुनाव में संगठन के सक्रियता पर विस्तार पूर्वक चर्चा भी किया।

## रैली पर झारखंड सरकार ने किया दमन, कीमत चुकानी होगी : डा जटाशंकर

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखण्ड प्रदेश के कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने युवा आक्रोश रैली को दबाने के लिए जो दमनकारी नीति का प्रयोग किया गया उसकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जगह जगह पर कार्यकर्ताओ को रोका गया उससे लगता है कि हेमंत सरकार भाजपा से डर गयी है, और तो और शान्ति पूर्वक किये जा रहें मुख्य मंत्री आवास घेरने जा रहें नेताओं और कार्यकताओ पर पानी का बौछर चलाया गया।

## केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ झारखंडी अधिकार मार्च




मार्च में शामिल विधायक रामदास सोरेन।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार केंद्र सरकार कि गलत नीतियों के खिलाफ में झारखंडी अधिकार मार्च का कार्यक्रम झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के द्वारा किया गया। यह मार्च साकची आम बागान से जिला मुख्यालय के समक्ष इस कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड के हक एवं अधिकार को छिनने का कार्य कर रही है। झारखंड राज्य के भोले भाले झारखंड वासियों के हक अधिकार एवं सम्मान को कुचलना का प्रयास किया जा रहा है तथा झारखंड वासियों के हित में बेहतर कार्य करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार को साजिश के तहत बार-बार अस्थिर करने का प्रयास भाजपा नेतृत्व किया। झारखंड की साढे तीन करोड़ जनता भाजपा के दोहरे चरित्र को समझ चुकी है जिसका जवाब आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता देगी। साथ ही विधायक ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में पारित कर नौवीं अनुसूची में कानून बनाने के भेजने वाले स्थानीय नीति के1932 के खतियान आदिवासियों का सरना धर्म कोड तथा आदिवासी दलित एवं का पिछड़ों का नौवी अनुसूची में शामिल करने के लिए कानून बनाने के लिए कानून बनाने का कानून बनाने प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया लेकिन केंद्र सरकार के द्वारा सौतेला व्यवहार कर इस प्रस्ताव को रोका गया है जिसका विरोध आज पूरे राज्य में झारखंड अधिकार मार्च के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन कर्मकार, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, सुनील महतो, वीर सिंह सुरीन, सागेन पुर्ती, अरुण प्रसाद महावीर मुर्मू बब्बन राय, चंद्रावती महतो फैयाज खान, सुराई टुडू मिर्जा, सोरेन राजा सिंह आदि उपस्थित थे।

## जीवन जीने की कला सीखने का उचित माध्यम है भागवत कथा : हिमांशु महाराज

**जमशेदपुर।** शुक्रवार 23 अगस्त से बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सुबह कलश स्थापना के साथ किया गया। विधि विधान से भागवत की पूजा अर्चना और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। शाम में भागवत कथा का आयोजन किया गया। मथुरा से आये कथा वाचक हिमांशु महाराज ने भागवत महात्म एवं मंगलाचरण से कथावाचन प्रारंभ किया। उन्होंने व्यासपीठ पर आसीन होकर कथा का व्याख्यान करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को पुण्य प्राप्त करने के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत एक कथा नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला सीखने का उचित माध्यम है।

## पूर्व मुखिया शंकर चंद्र हेंब्रम के श्राद्ध क्रम में शामिल हुई विधायक सविता महतो

**चांडिल।** चौलीवासा पंचायत के पूर्व मुखिया सह झारखंड आंदोलनकारी शंकर चंद्र हेंब्रम के श्राद्ध क्रम में रविवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने दिवंगत पूर्व मुखिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान विधायक ने पूर्व मुखिया के परिजनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में ढांडस बंधाया। इस अवसर पर विधायक सविता महतो, स्नेहा महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गम्हरिया पहुंचे पूर्व सीएम चंपई सोरेन, कार्यकर्ताओं संग किया मशविरा



खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** दिल्ली से लौटकर राज्य की इंडी सरकार से बगावत करने के बाद अपने नए साथी या नया आशियाना बनाने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपनी राह अलग कर ली है. इन दिनों पूरे कोल्हान का दौरा कर क्षेत्र की जनता का मिजाज टटोल रहे हैं। लगातार में कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अपने कार्यकताओं और समर्थकों से मिलकर उनके समक्ष अपनी बात रख रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को वे गम्हरिया पहुंचे और होटल एवेन्यू में कार्यकताओं व समर्थकों से मिलकर भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। हालांकि समर्थकों की भीड़ से लबरेज पूर्व मुख्यमंत्री ने अब संन्यास लेने का इरादा छोड़ दिया है और अपनी नई पार्टी बनाने या मनोनुकूल साथी मिलने पर उनके साथ नया अध्याय शुरू करने का मन बना लिया है। इस दौरान वे समर्थकों के समक्ष अपने पांच माह के अल्प कार्यकाल की उपलब्धियों को भी गिना रहे हैं। गम्हरिया पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का बड़ी संख्या में पहुंची क्षेत्र की महिलाओं द्वारा गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनके साथ रहने का संकल्प दुहराते हुए उनका हौसला वर्धन किया। गम्हरिया दौरे के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री ने जिस तरह क्षेत्र की जनता का उन्हें समर्थन मिल रहा है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि जनता उनके कार्यकाल से संतुष्ट है और जनता के दिल मे उनके प्रति सम्मान बरकरार है। भविष्य की राजनीति के बावत उन्होंने कहा कि पृष्ठभूमि तैयार हो चुकी है। जल्द ही उसपर पूर्णविराम लगेगा।

# कोलकाता में डॉक्टर बिटिया के साथ दरिंदगी के खिलाफ नमन ने निकाला आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नमन शहीदों के सपनों... द्वारा आज सायं आहूत आक्रोश रैली सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कोलकाता में महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या समेत मुंबई, उत्तरप्रदेश आदि प्रांतों में हो रही ऐसी दुष्कर्म वाली घटनाओं को लेकर नमन ने इसका आह्वान किया था। रैली जे एन ए सी गोल चक्कर पर शाम 4. 30 बजे एकत्रित होकर पैदल आरम्भ हुई जो बेहद अनुशासित ढंग से वसंत सिनेमा शहीद चौक, साकची गोल चक्कर, बंगाल क्लब चौक होते हुए डी सी ऑफिस लगभग 45 मिनट में पहुंची।

यात्रा में बेटियों के साथ दुराचार पर आक्रोश जनक विभिन्न गगनभेदी नारे लग रहे थे जिनमें वी वांट जस्टिस, बलात्कारियों को फांसी दो, सभी राज्य सरकारें होश में आओ, बेटियों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, आदि उल्लेखनीय हैं। डीसी ऑफिस गेट पर नमन के संस्थापक अमर प्रीत सिंह काले के सम्बोधन के उपरांत नमन की ओर से उनके नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन डी सी द्वारा प्रतिनियुक्ति कार्यपालक दंडाधिकारी सह निदेशक डी आर डी ए मृत्युंजय कुमार को दिया गया। ज्ञापन की प्रति प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, झारखण्ड के राजयपाल, मुख्यमंत्री और उपायुक्त को भी सौंपी गयी।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में श्री काले के अलावा डॉ पी के दूबे, एस एस रज्जी, भगवान सिंह, शैलेन्द्र सिंह, निशान सिंह,एंजेला उपाध्याय, डॉ अनीता शर्मा, बृज भूषण सिंह, जय प्रकाश राय, राजकिशोर सिंह, राघवेद्र शर्मा, निक्कू सिंह आदि थे। इस विरोध

### बलात्कारी हत्यारे को फांसी देने की मांग



आक्रोश मार्च में शामिल महिलाओं को संबोधित करते अमरप्रीत सिंह काले।

प्रदर्शन में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन के साथ साथ छात्र-छात्राओं, पत्रकारों, युवाओं, महिलाओं, व्यावसायिक वर्ग के लोगों ने और समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान क्या अगला शिकार आप?, खामोशी तोड़ो अन्याय रोको, चुप रहना अपराध है, वी वांट जस्टिस, बोलने का वक्त है सहने का नहीं, बेटी की आंसू का जवाब चाहिए, मां के दर्द का हिसाब चाहिए जैसे अनेकों नारों की तख्तियां लेकर लोगों ने भागीदारी निभाई जो इस बात का संकेत है कि समाज अब और चुप नहीं बैठ सकता। नमन के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन सरकार और खासकर लोगों को इस बात के लिए जगाने हेतु किया गया कि महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए और दोषियों को शीघ्र न्याय मिले।

नमन ने इस प्रदर्शन के दौरान बलात्कार पीड़िताओं के प्रति संवेदना व्यक्त की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस आक्रोश मार्च में वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. के. पी. दुबे, अरका जैन वी. सी. डॉ. एस. एस. रज्जी, वरिष्ठ महिला समाजसेवी श्रीमती एंजल उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व पी. पी. जयप्रकाश , सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजीव अग्रवाल, अवकाश प्राप्त डी. एस. पी सरयू पासवान, सी. जी. पी. सी प्रधान भगवान सिंह, प्रमुख झारखंड गुरुद्वारा सरदार शैलेंद्र सिंह, साकची गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान निशान सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, जम्बू अखाड़ा के बंटी सिंह, संपादक बृजभूषण सिंह, संपादक जयप्रकाश राय, लेडी मेडिकल अफसर डॉ. अपराजिता सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरुण कुमार, राजेश पांडे समेत उनके अनगिनत प्रतिनिधि, प्रधानाध्यापिका डॉ. अनीता शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता, अंतरा बोस, उद्योगपति शंकर लाल सिंघल, ब्रह्मर्षि समाज के राज किशोर सिंह, सिख स्टूडेंट फेडरेशन के सतनाम सिंह गंभीर, महिला समाज की अपूर्वा बोस, वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के हरि सिंह, क्रीड़ा भारती के राजीव सिंह, सिख समाज के महेंद्र पाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, सहित अन्य कई गणमान्य, सैकड़ों महिलाएं एवं युवा शामिल हुए।

## 5 साल कुछ नहीं किया अब क्रेडिटजीवी बने फिर रहे हैं सरयू राय : डॉ. अजय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि भुईयाडीह मामले में 5 साल कुछ ना कर पाने वाले सरयू राय अब चुनाव के पहले क्रेडिटजीवी बने फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भुईयाडीह के लोग 25 साल से नरकीय जिंदगी जीने को मजबूर थे. लोगों में परिवर्तन के नाम पर सरयू राय का समर्थन किया। लेकिन पिछले 5 वर्षों में वर्तमान विधायक सरयू राय द्वारा भुईंयाडीह के कल्याणनगर, राधिकानगर, भुईंयाडीह बस्ती में नागरिक सुविधा से संबंधित कोई काम नहीं किया गया। यह मैं नहीं बल्कि मीडिया की रिपोर्टस में छप रहीं खबरों में इस बात का खुलासा हुआ की लोग इन बस्तियों में नरकीय जिंदगी जीने को मजबूर है। अगर विधायक द्वारा कुछ किया गया होता तो यह स्थिति नहीं होती। बस्ती के इन घरों में शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इससे बड़ी शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है। अब जबकि मेरे (डॉ अजय) द्वारा क्षेत्र में जा कर निवासियों के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जा रहा है, तो विधायक की आंखें खुली और अब बस्ती में जा कर क्रेडिट ले रहे हैं। डॉ. अजय ने कहा कि शनिवार को इस मामले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी साझा करेंगे।

स्पीड न्यूज

## अधिवक्ता पुत्री का इलाज के दौरान निधन


अलीशा पटवा।

**गढ़वा।** व्यवहार न्यायालय गढ़वा के अधिवक्ता अशोक पटवा की एकलौती पुत्री अलीशा पटवा का रांची के हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार अलीसा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उसका इलाज रांची में ही चल रहा था। ज्ञात हो कि अलीशा एक प्रतिभावान लड़की थी। उसने कम उम्र में ही बैंकर्स की नौकरी प्राप्त कर गढ़वा में ही पदस्थापित थी।

## बसपा विधानसभा प्रत्याशी ने की मृतक परिजनों से मुलाकात

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के सीरिया टोंगर निवारी राजा राम का शव गांव पहुंचने की खबर मिलते ही बसपा विधानसभा प्रत्याशी पंकज चौबे ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढ़ाढ़स बंधाया एवं परिवार के लोगो को हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक रोजगार के मामले में फेल हैं। उनके विधायक रहते घाघरा एवं तुलसीदामर माइंस बंद हो गया। यहां के युवा को काम नही मिल रहा। विधायक को सिर्फ चुनाव के समय सीमेंट प्लांट और पावर प्लांट का याद आता है, चुनाव जीतते ही सब भूल जाते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डीडीसी लगाया पौधा


पौधा लगाते डीडीसी।

**गढ़वा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मनरेगा के तहत शुक्रवार को डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान डीडीसी श्री मिश्रा ने समाहरणालय परिसर में आम, लीची, पीपल एवं बरगद का पौधा लगाया। इस दौरान डीडीसी ने जिले वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाने की अपील की। इस दौरान डीआरडीए सभी पदाधिकारी व कर्मी ने भी पौधा लगाया। ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू किया है। उन्होंने सभी को इस पहल में भाग लेने और पर्यावरण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## कांडी में सास व बहु की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत सोनपुरवा गांव में शुक्रवार को एक ही घर में सास व बहु की मौत हो गयी। सुखदेव साह की 65 वर्षीया पत्नी गंगिया देवी की मौत इलाज के दौरान बिहार के जमुहार डिहरी स्थित एक निजी अस्पताल में हो गयी। उन्हें दो दिनों पूर्व इलाज के लिए भर्ती किया गया था। मृतका किडनी रोग से पीड़ित थी। जबकि उनकी बहू बसंत साह की 42 वर्षीया पत्नी शारदा देवी की मौत उड़ीसा के झारसुगुड़ा में हो गयी। बहु मधुमेह रोग से पीड़ित थी। बसंत साह अपने पूरे परिवार के साथ झारसुगुड़ा में रहकर सब्जी की दुकान कर बिजनेस करते थे। गंगिया देवी का दाह संस्कार कोयल नदी के तट पर कर दिया गया। जबकि समाचार लिखे जाने तक शारदा देवी का शव घर नही पहुंचा था।

## हाईवा की चपेट में आने से छात्र की मौत

**जहानाबाद।** बिहार में जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम हाईवा की चपेट में आने से छात्र की हुई मौत से आक्रोशित लोगों ने हाईवा में आग लगा दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि अहियासा गांव के समीप एक अनियंत्रित हाईवा ने एक किशोर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवा को आग के हवाले कर दिया एवं ट्रक चालक को बंधक बना लिया।

# गढ़वा की समस्याओं और विकास कार्यों का जिक्र करना मेरे लिए सौभाग्य की बात : मिथिलेश ठाकुर

# 17 करोड़ की लागत से बनेंगी गढ़वा की तीन प्रमुख सड़कें, मिल गयी है स्वीकृति : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि लगभग हर रोज एक ही प्रकार की बातें सुन और पढ़कर आप बोर तो नहीं हो रहे। लेकिन मैं हर बार आप सभी से गढ़वा की छोटी से छोटी विकास की बातें साझा करके स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूं। पुनः आज गढ़वा की एक एवं मेराल प्रखंड की दो प्रमुख सड़कों की स्वीकृति मुझे काफी सुकून दे रही है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 17 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि छतरपुर पंचायत के छतरपुर एवं झलुआ की सभी कच्ची सड़कों को जोड़कर करीब नौ किमी से अधिक सड़क बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण के बाद पूरे छतरपुर-झलुआ ग्राम में एक भी कच्ची सड़क नहीं रह जाएगी। यह पथ दो स्थानों पर बाईपास, दो जगहों पर शंखा-खजूरी रोड एवं तीन स्थानों पर नामधारी कॉलेज-कोरवाडीह-पचपड़वा रोड में जुड़ता है। यह पथ पूरे छतरपुर पंचायत के लिए सबसे बड़ा उपहार है। इसका निर्माण 10 करोड़ 33 लाख 93 हजार 400 रुपए की लागत से किया जाएगा। जबकि अटौला बस स्टैंड से औरइया पथ भी स्थिति अत्यंत जर्जर थी। यह सड़क औरइया के ग्रामीणों से मेरे किए वादे में शामिल था। रजबंधा देवी मंडप से भंडार होते हुए भंडार स्कूल तक का पथ निर्माण भी अत्यावश्यक था। बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इन तीनों सड़कों की स्वीकृति हम सबके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। छह करोड़ 91 लाख 26 हजार 300 रुपए की लागत से 5.68 किमी लंबी इन दोनों सड़कों का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि बेहतर सड़क की कनेक्टिविटी से गढ़वा का एक भी गांव वंचित नहीं रहे। प्रत्येक गांव एवं टोला तक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दिशा में काफी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क ही विकास का आइना होता है। क्षेत्र में यदि अच्छी सड़क न हो तो अन्य विकास कार्य भी अधुरे लगते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में अब तक अधिसंख्य गांव में सड़क, पुल, पुलिया आदि का निर्माण किया जा चुका है। शेष बचे क्षेत्र में शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।


मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

## केंद्र के सहयोग के बगैर राज्य में हो रहा है ऐतिहासिक कार्य : मंत्री

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्र के सहयोग के बगैर राज्य में लगातार ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। यह राज्य एवं राज्य की जनता के हित में बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उदासीनता के बाद भी राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से अबुआ आवास दे रही है। जिसके तहत सभी बेघरों को अपना छत का सपना पूरा हो रहा है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे राज्य गठन के इतने वर्षों बाद एक अपनी सरकार आई है, जो सिर्फ.झारखंडियों के लिए काम कर रही है। माताओं बहनों के खाते में खटा-खट रुपये आ रहे हैं, दो लाख तक का कृषि ऋण माफ कर दिया गया, 200 यूनिट बिजली भी फ्री कर दी गई है। ऐसी बहुत सारी योजनाएं जनहित में चलायी जा रही हैं। मंत्री ने कहा कि सभी किसानों के खेतों में अच्छी फसलें लहलहायें एवं घरों में खुशियां आये यही राज्य वासियों के लिए शुभकामना है।

# नाराज वार्ड सदस्य इस्तीफा देने के लिए पहुंचे प्रखंड कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी 9 पंचायत के 44 वार्ड सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने प्रखंड कार्यालय पहुंचे और बीडीओ सतीश भगत को इस्तीफा पत्र सौंपा। जबकि बीडीओ ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वहीं सभी वार्ड सदस्यों के साथ हो रहे समस्याओं से रूबरू हुए। वार्ड सदस्यों ने लिखित आवेदन देते हुए कहा कि मझिआंव प्रखंड वार्ड सदस्य जो दिनांक 1 जून 2022 को निर्वाचित होकर आए हैं उसे दिन से लेकर आज दिनांक 23 अगस्त तक हम लोगों को किसी भी प्रकार का सरकारी लाभ नहीं दिया गया है। यहां तक की कोई भी वार्ड सदस्यों को विगत आए आंधी तूफान एवं बारिश से मिट्टी का घर ध्वस्त होकर टुट गया, उसे स्थिति में भी हम सभी वार्ड सदस्यों को ना तो प्रधानमंत्री आवास मिला और ना ही अबुआ आवास मिला है। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में भी किसी वार्ड को लाभ नहीं दिया गया। प्रखंड अंतर्गत वार्ड सदस्यों को मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा कोई सरकारी योजना एवं लाभ के संबंध में जानकारी भी नहीं दी जाती है। इससे शुद्ध होकर हम लोग अब वार्ड सदस्य के रूप में पंचायत में सेवा नहीं दे सकते हैं। इसलिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से निवेदन पूर्वक अनुरोध है कि हम सभी वार्ड सदस्यों का सामूहिक स्थिति पर स्वीकार करने की कृपा कि जाए। इस संबंध में वार्ड सदस्य चंद्रभूषण कुमार में बताया कि इन्हीं सब कार्यों के कारण हम सभी लोग क्षुब्ध हैं जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस्तीफा देने पहुंचे। लेकिन इसके पास स्वीकार नहीं किया गया है। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि कानून वार्ड सदस्यों का इस्तीफा हम मंजूर नहीं कर सकते हैं और मुख्य मुख्य बिंदुओं को अपने वरिय पदाधिकारी के समाप्त मौखिक रूप से बता दिया हूं। जो कार्य प्रखंड कार्यालय से होने लायक है उसे निष्पादन किया जाएगा।



प्रखंड कार्यालय में वार्ड सदस्य।

# प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जगदीशपुर तथा मध्य विद्यालय जगदीशपुर में विक्रम तथा प्रज्ञान रोवर का मॉडल निर्माण कर चांद पर उतरने का काल्पनिक चित्रण किया गया साथ ही रंगोली, चित्रांकन, भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने कहा कि यह दिवस युवा में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शिक्षक बिन्दु कुमारी, अंजुम रागीब अहसन, नीरज कुमार, नवल किशोर पंजियारा, प्रतिमा मिश्रा, राहुल कुमार वार्डेन सपना कुमारी शिक्षिका फूल कुमारी, शारिका निगार, सहित सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



# नीलाम्बर पीताम्बर फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत के शिवाजी खेल मैदान ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब के तत्वावधान में आयोजित नीलाम्बर पीताम्बर फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन बसपा के विधानसभा प्रत्यासी पंकज चौबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच केतार स्पोर्टिंग क्लब और विशुनपुरा क्लब के बीच खेला गया। जहां केतार ने बिशुनपूरा को 2-1 गोल से हराया। मौके पर बसपा नेता ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रो मे इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए जहां भी जरूरत पड़ेगी मैं अपने स्तर से हर संभव सहयोग करूंगा। मौके पर रेफरी शक्ति सिंह खरवार, लाइनमैन धनंजय यादव, राजू यादव, क्लब के अध्यक्ष आलोक यादव, सचिव रंजीत पटेल, सह सचिव कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव, खेल प्रभारी शक्ति सिंह, राकेश यादव, रमेश यादव, विश्वजीत यादव, उदल यादव, चिखुर महतो, प्रेमचंद यादव, राजू यादव, सिकेश सिंह, विकाश यादव आदि उपस्थित थे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

# फर्जी डिग्री पर बहाल चार शिक्षको पर प्राथमिकी दर्ज

**पूर्वी चंपारण।** जिले में फर्जी प्रमाणपत्र पर बहाल हुए शिक्षकों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में फिर निगरानी डीएसपी राजेश कुमार ने चार शिक्षकों के खिलाफ बंजरिया थाना में एक और दूसरा प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। फर्जी प्रमाणपत्र पर बहाल तीन शिक्षिकाओं और एक शिक्षक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके पहले छह फर्जी शिक्षकों के खिलाफ बंजरिया थाना में बीते जुलाई महीने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। निगरानी डीएसपी ने बंजरिया थाना में जिन शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। उनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमवा के शिक्षक मो. ज्याउद्दीन और शिक्षिका इकरा फातिमा, जटवा के मध्य विद्यालय उर्दू की शिक्षिका नइमा प्रवीण और सिसवनिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिका साबरा खातून शामिल हैं। बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि निगरानी विभाग के अधिकारी के तरफ से आवेदन मिला है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है, कि बीते जुलाई माह में भी निगरानी विभाग पटना के डीएसपी राजेश कुमार ने बंजरिया थाना पुलिस को आवेदन देकर बंजरिया प्रखंड के ही दो शिक्षक व चार शिक्षिकाओ के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमे सुरेश कुमार और प्रिय रंजन कुमार दूबे के अलावा रूबी कुमारी, विभा कुमारी, विभा कुमारी और सावित्री यादव शामिल है। विभाग ने जांच में इन शिक्षकों के प्रमाणपत्र को फर्जी पाये जाने के बाद उक्त कारवाई की है।

# बिहार पुलिस के सेवारत कर्मियों को दुर्घटना पर मिलेगी 2.30 करोड़ रुपये तक की सहायता

**पटना।** बिहार पुलिस के सेवारत कर्मियों को अब दुर्घटना पर 2.30 करोड़ रुपये तक की सहायता मिलेगी। पहले जहां व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर 5 से 20 लाख तक था, जो इस साल जुलाई में बढ़कर 50 लाख तक हुआ था उसे इस विशेष सैलरी पैकेज में बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है। साथ ही कई अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे हैं। सब मिलाकर 2.30 करोड़ तक मिलने की सम्भावना है।

इस बाबत पत्रकार वार्ता में एआईजी वेलफेयर विशाल शर्मा, उपेन्द्र प्रसाद (पुलिस अधीक्षक, कार्मिक 1), शशि शेखर पुलिस अधीक्षक कार्मिक दो ने बताया कि समझौते को अंतिम रूप देने के लिए एक व्यापक सलाहकारी प्रक्रिया अपनाई गयी, जिसमें बिहार पुलिस के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों, बिहार पुलिस एसोसिएशन और बिहार पुलिस मेन्स एसोसिएशन के सदस्यों से परामर्श किया गया। पहले जहां व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर 5 से 20 लाख तक था, जो कि इस साल जुलाई में बढ़कर 50 लाख तक हुआ था उसे इस विशेष सैलरी पैकेज में बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दिया गया है और कई अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे है, जो सब मिलाकर लगभग 2.30 करोड़ तक मिलने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त, हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर 1.50 करोड़ का अतिरिक्त कवर भी प्रदान किया जाएगा। कर्मियों के लिए स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 1.50 करोड़ और आंशिक विकलांगता के लिए 1.50 करोड़ तक का कवर प्रदान किया जाएगा, जो विकलांगता के प्रतिशत पर आधारित होगा। आतंकवाद विरोधी या नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल कर्मियों को 1.50 करोड़ का कवर मिलेगा। प्लास्टिक सर्जरी, बर्न्स, इंपोर्टेड दवाओं की लागत, एयर एम्बुलेंस कवर, और कोमा के बाद मृत्यु (48 घंटे बाद) के लिए 10 लाख तक का अतिरिक्त कवर प्रदान किया जाएगा।




# अस्तित्व में नहीं आया लाखों की लागत से बना उपस्वास्थ्य केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल ऐसा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी सीएचओ के सहारे चल रहा है। साथ ही प्रखंड के वेलनेस एंड हेल्थ सेंटर में पदस्थापित चिकित्सा कर्मी को दीया लेकर खोजने पर भी शायद ही मिल जाये। इन सभी से भी अजुबा कार्य बहियार खुर्द पंचायत परसवान ग्राम में पॉवर हाउस के पीछे लाखों की लागत से बने उपस्वास्थ्य केंद्र की है। इस केंद्र की निर्माण हुए करीब पांच वर्ष हो गये लेकिन इस केंद्र में आज तक कोई चिकित्सा कर्मी गये ही नहीं। लाखों करोड़ों की लागत से बना यह भवन आज वीरान पड़ा है। ग्रामीण इस भवन को बैल बकरी को गर्मी बरसात और ठण्ड से बचाने के लिए इसी मार्बल टाइल्स लगे भवन का उपयोग करते है। जिस भवन को जन स्वास्थ्य सेवा के लिए उपयोग होना था वह तबेला बन गया है। इस सम्बन्ध में ग्रामीण गुलाम रसूल ने कहा कि आज से चार पांच वर्ष पूर्व में इस उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य हुआ था, लेकिन पता नहीं किस कारण से आज तक इसमें स्वाथ्य कर्मी नहीं आये और स्वास्थ्य सुविधा इस पंचायत में बहाल नहीं हुआ। समाजसेवी कुलदीप पासवान बताया कि उपस्वाथ्य केंद्र तो बन कर तैयार वर्षो पहले ही हो चुका है। आज इसकी स्थिति बद से बदतर हो गया है। इस सम्बन्ध में अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि इस भवन के संवेदक द्वारा मुझे हैंड ओवर नहीं किया गया।


उपस्वास्थ्य केंद्र।

खबर एक नजर में

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में गढ़वा, पलामू और लातेहार जिला ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत विभिन्न स्थानों से आए प्रधानाचार्य एवं संकुल संयोजक ने दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया। प्रतियोगिता में लातेहार, श्री बंशीधर नगर, मेदिनीनगर, जपला, केतार, भवनाथपुर बाजार एवं स्थानीय विद्यालय भवनाथपुर नगरी के शिशु वर्ग, बाल वर्ग तथा किशोर वर्ग से कुल 300 भैया-बहन एवं आचार्य, दीदी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विज्ञान, वैदिक गणित, संस्कृति बोधमाला, कथा-कथन, त्वरित भाषण, मूर्तिकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैंपियन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य निशांक एवं ऋतु दीदी ने किया। मौके पर श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद, श्री बंशीधर नगर संकुल के संकुल संयोजक अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदी, कर्मचारी बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## पश्चिम चंपारण : वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र से बाघ का शव बरामद

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मंगुरहा वन क्षेत्र में एक बाघ का शव बरामद किया गया है।
वन विभाग सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि मांगुराहा वन क्षेत्र के कक्ष संख्या 46 में एक बाघ का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इलाके की सर्चिंग में इस बात की आशंका है कि बाघों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक बाघ मौत हुई है। वन विभाग की टीम लड़ाई में शामिल दूसरे बाघ की तलाश कर रही है। माना जा रहा है हिंसक लड़ाई में उसे भी गंभीर चोटें आई होगी।

## रोहतास में आभूषण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, आक्रोशित लोगों ने किया थाना का घेराव

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के बड्डी थाना क्षेत्र में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या किये जाने के विरोध में आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को शव को सड़क पर रखकर थाने का घेराव किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सिकुही गांव निवासी आभूषण व्यवसायी सूरज सोनी (33) गुरूवार की रात आलमपुर स्थित अपनी दुकान को बंद करके स्कूटी से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान कलाशाहर गांव मोड़ के समीप दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने गोली मारकर व्यवसायी को घायल कर दिया और उसके पास बैग में रखे आभूषण, पैसा, मोबाइल सहित अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। सूरज सोनी को सदर अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पश्चिम चंपारण : गांजा तस्कर को सात साल की सजा

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चम्पारण जिले की एक अदालत ने आज गांजा तस्करी से जुड़े मामले में दोषी गांजा तस्कर को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वासधर दुबे ने मामले में गांजा तस्कर प्रहलाद साह को दोषी पाते हुए शुक्रवार को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने सजायफ्ता को अस्सी हजार रुपए जुमार्ना भी देने का आदेश दिया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा बढ़ा दी जाएगी।

## वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक किसी कीमत पर संसद से पारित नहीं होने देंगे : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर सियासत गरमाई हुई है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को मुक्तलिफ मुस्लिम तंजीमों के ओहदेदार से मुलाकात की। साथ ही उनसे वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर बातचीत की। तेजस्वी ने उन्हें यकीन दिलाया कि वे इस विधेयक को किसी भी कीमत पर संसद से पारित नहीं होने देंगे। तेजस्वी यादव ने इसको लेकर अपने सोशल मीडिया एक्स पर ट्विट कर कहा कि मुक़्तलिफ मुस्लिम तंजीमों के ओहदेदार ह्लवक़्फ बोर्ड संशोधन बिलह्व के सिलसिले में मिले और वाजेह और तफ़्सील-वार गुफ़्तुगू हुई। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद शुरू से ही अकि्लयत के हरेक मुद्दे पर संवेदनशील रहे हैं और किसी भी धार्मिक मामलों में सरकार के दखल-अंदाजी के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इन संशोधनों से ना सिर्फ.मुस्लिम, बल्कि दीगर मजहबों के मजहबी, सकाफती और जायदाद के हुकूक पर असर पड़ेगा और एक गलत नजीर कायम होगी। हमारी पार्टी मोदी-नीतीश एनडीए की इस गैर संवैधानिक, गैर जरूरी प्रस्तावित संशोधन बिल, जो कि मुल्क के सेक्युलर ताने-बाने को तोड़ने और धार्मिक उन्माद फैलाने के मकसद से लाया गया है उसका पुरजोर विरोध करती है। तेजस्वी ने डेलीगेशन को तसल्ली दिलाया कि हम उनके साथ हैं और किसी कीमत पर इसको संसद से पारित नहीं होने देंगे और इस लड़ाई को सभी फोरम पर लड़ेंगे। अफसोस है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बिल के समर्थन में हैं। तेजस्वी यादव लगातार सीएम नीतीश को कई मामलों को लेकर घेर रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने सीएम के समर्थन को लेकर अफसोस जाहिर किया है।

स्पीड न्यूज

## ‘बार्डर 2’ में सनी देओल के साथ काम करेंगे वरूण धवन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन आने वाली फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल के साथ करेंगे। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी।बॉर्डर 2 में वरुण धवन की भी एंट्री हो गयी है।वरुण धवन ने एक अनाउंसमेंट वीडियो के साथ बॉर्डर 2 में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है और फिल्म से जुड़ने की खुशी जाहिर की।

## पुंछ में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठिया धराया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। घुसपैठिए को सुरक्षाबलों ने चकन दा बाग के पास नियंत्रण रेखा क्षेत्र से पकड़ा। घुसपैठिए की पहचान अजहर के रूप में हुई है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## शेख हसीना का पासपोर्ट हुआ रद्द



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ-साथ पूर्व मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया है। अंतरिम सरकार ने यह कदम विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा इस्तीफा देने और भारत चले जाने के दो सप्ताह बाद उठाया है।

## शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी बरकरार

**मुंबई।** अमेरिका में ब्याज दर में सितंबर से कटौती शुरू होने की पुष्टि के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स 33.02 अंक बढ़कर 81,086 पर पहुंचा। निफ्टी 11.65 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,823.15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

# बिना समय गंवाये बात शुरू करें रूस-यूक्रेन

## शांतिपूर्ण समाधान के लिए भूमिका निभाने को भारत तैयार : मोदी

एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने यूक्रेन को हर संभव मानवीय मदद देने का जेलेंस्की से किया वादा
- पुतिन से कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है : मोदी

**कीव/ नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड के दो दिवसीय दौरे के बाद शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ मरियिंस्की पैलेस में द्विपक्षीय वार्ता की। मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन के युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों को बिना समय गंवाए बात शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध में फंसे यूक्रेन को भारत की ओर से हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन रूस के बीच युद्ध का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए।श्री मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन युद्ध का बातचीत से समाधान करने के पक्ष में है और इसमें मित्र की भांति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रों की भौगोलिक अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किये जाने के सिद्धांत में दृढ़ विश्वास रखता है।

मोदी ने कहा कि आज जब मैंने बच्चों की स्मृति में बनाए उस म्यूजियम को आपके साथ देखा, श्रद्धा सुमन अर्पित किया तो मेरा मन भरा हुआ था। दिल को गहरी चोट पहुंची हुई थी। मुझे लगता है कि युद्ध में सबसे ज्यादा निर्दोष बच्चे ही प्रभावित होते हैं, ये बहुत दर्दनाक है। इस प्रकार की घटनाएं कतई स्वीकार नहीं हो सकती। दुनिया में कोई भी मानवीय मूल पर विश्वास करने वाला व्यक्ति इसको स्वीकार नहीं कर सकता। इस दर्दनाक परिस्थिति में भी आपने (राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की) जिस गर्मजोशी से मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, उसके लिए मैं हृदय से आपका आभार व्यक्त करता हूं। आज भारत और यूक्रेन के संबंधों के लिए बहुत ऐतिहासिक दिन है। भारत का कोई प्रधानमंत्री पहली बार यूक्रेन की धरती पर आया है, यह अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। कल आपका राष्ट्रीय दिवस है, मेरी और 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से आपको इसके लिए बधाई। हम (यूक्रेन में) शांति, सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। न्होंने कहा कि आप और यूक्रेन के लोग भी जानते हैं कि भारत का शांति प्रयासों में सक्रिय योगदान रहा है और आप भी जानते हैं कि हमारा दृष्टिकोण लोगों पर केंद्रित रहा है। मैं आपको और पूरे विश्व समुदाय को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि यह भारत की प्रतिबद्धता है और हम स्पष्ट तौर पर मानते हैं कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है और हम इसका समर्थन करते हैं। कुछ समय पहले, जब मैं इसके समर्थन में राष्ट्रपति पुतिन से मिला था, तो मैंने उनसे कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है।



कीव में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की।

मोदी ने कहा कि पिछले दिनों जब मैं एक बैठक के लिए रूस गया तो मैंने वहां भी साफ-साफ शब्दों में कहा कि किसी भी समस्या का समाधान कभी भी रणभूमि में नहीं होता।

समाधान केवल बातचीत, संवाद और कूटनीति के माध्यम से होता है और हमें बिना समय बर्बाद किए उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने चाहिए। जब आज हम रूबरू मिल रहे हैं, तब मैं यूक्रेन की धरती पर आज बच्चों की शहादत की उस जगह पर देखकर आया और मेरा मन भरा हुआ है। मैं आज आप से शांति की ओर आगे बढ़ने के मार्ग पर विशेष रूप से चर्चा करना चाहूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि भारत शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें योगदान दे सकता हूं, तो मैं ऐसा जरूर करना चाहूंगा। एक मित्र के रूप में, मैं आपको इसका विश्वास दिलाता हूं।

### दोनों देश रक्षा उत्पादन में सहयोग पर सहमत

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेन्स्की की बहुचर्चित शिखर बैठक के बाद दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझीदारी के उन्नत करके रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर ले जाने और सैन्य उत्पादन क्षेत्र संयुक्त उपक्रम स्थापित करने पर सहमति जतायी।

दोनों नेताओं की द्विपक्षीय शिखर बैठक के बाद भारत यूक्रेन संयुक्त घोषणापत्र में यह कहा गया। दोनों देशों ने शिखर बैठक के बाद आपसी सहयोग के कुछ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किये।

# पृथ्वी-2 मिसाइल का परीक्षण सफल

## बैलिस्टिक मिसाइल ने रात में सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदा

एजेंसी

- 350 किलोमीटर तक हमला करने वाली इस मिसाइल को मोबाइल लांचर से दागा गया

**नयी दिल्ली।** भारत ने ओडिशा तट के पास एक रक्षा सुविधा से गुरुवार परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 का रात्रि परीक्षण किया। डीआरडीओ में विकसित यह मिसाइल 350 किलोमीटर की दूरी तक सटीक मार करने में सक्षम है। पृथ्वी-2 मिसाइल ने सफल परीक्षण में उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार पृथ्वी-2 मिसाइल का रात्रि परीक्षण प्रक्षेपण एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर, ओडिशा से शाम को लगभग 07.46 बजे किया गया। परमाणु संपन्न कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने सफल परीक्षण में उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी तय परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। मिसाइल का परीक्षण एक नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली बेहद कामयाब मानी जाती है और बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। रात्रि प्रक्षेपण में मिसाइल सभी परिचालन और तकनीकी मानकों पर खरी साबित हुई । अधिकारियों ने कहा कि यह अत्याधुनिक मिसाइल अपने लक्ष्य को भेदने के लिए उन्नत जड़त्वीय मार्गदर्शन प्रणाली का उपयोग करती है। डीआरडीओ के मुताबिक 350 किमी. रेंज तक हमला करने वाली इस मिसाइल को एक मोबाइल लांचर से दागा गया। पृथ्वी-2 मिसाइल की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। यह 500 से 1,000 किलोग्राम भार तक हथियार लेकर जाने में सक्षम है। सतह से सतह पर साढ़े तीन सौ किलोमीटर मार करने वाली इस मिसाइल में तरल और ठोस ईंधन वाले दो इंजन लगाए गए हैं। इसे तरल और ठोस दोनों तरह के ईंधन से संचालित किया जाता है। मिसाइल के प्रक्षेपण पथ पर ट्रैकिंग प्रणाली और टेली मैट्रिक केंद्रों से नजर रखी गई। परीक्षण के मौके पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा आईटीआर से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों और वैज्ञानिकों का दल मौके पर मौजूद था। पिछले साल 10 जनवरी को किए गए परीक्षण में भी मिसाइल ने सभी तय परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया था। इससे पहले 15 जून, 2022 को किये गए परीक्षण में भी पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली ने सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर अपनी उपयोगिता साबित की थी।



# अंतरिक्ष मिशनों को कचरा मुक्त बनाने में आगे बढ़ रहा है भारत : राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति ने रोबोटिक्स चैलेंज और अंतरिक्ष हैकाथॉन के विजेताओं को किया सम्मानित**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरिक्ष में कचरे को अंतरिक्ष मिशनों के लिए समस्या करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत वर्ष 2030 तक अपने सभी अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को भारत मंडपम में पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर के सफलतापूर्वक उतरने की याद में मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। अंतरिक्ष में कचरा अंतरिक्ष मिशनों के लिए समस्याएँ पैदा कर सकता है। उन्होंने ह्यसुरक्षित और सतत संचालन प्रबंधन के लिए इसरो प्रणाली की सराहना की, जिसका संचालन अंतरिक्ष अनुसंधान गतिविधियों की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक अपने सभी अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुर्मू ने कहा कि इसरो ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के साथ ही देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है।

# एनआइए ने चाईबासा में नक्सली समर्थकों के यहां की छापेमारी

एजेंसी

**केंद्रीय एजेंसी ने पुसलाता, लिपुंगा और बुरु रेंगरा में संदिग्धों के घरों की ली तलाशी**

**आनंदपुर में माओवादी के शीर्ष नेताओं के आपत्तिजनक पत्रों की बरामदगी का मामला**

**नयी दिल्ली।** एनआइए ने चाईबासा में नक्सली समर्थकों के घर पर गुरुवार को छापेमारी की। एनआईए ने शुक्रवार को भी चाईबासा में संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। एनआईए के मुताबिक यह छापेमारी जुलाई 2022 में चाईबासा जिले के आनंदपुर इलाके में माओवादी के शीर्ष नेताओं को संबोधित आपत्तिजनक पत्रों की बरामदगी से संबंधित है।

एनआईए ने स्थानीय पुलिस से जांच अपने हाथ में लेने के साथ अगस्त 2023 में नौ आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एनआईए के मुताबिक, नक्सली गतिविधियों को अंजाम देने में प्रतिबंधित संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व की सहायता कर रहे संदिग्धों की तलाश में चाईबासा में तीन जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एनआईए की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधर पुलिस स्टेशन के गांव पुसलाता, गुआ पुलिस स्टेशन के गांव लिपुंगा और जेटेया पुलिस स्टेशन के गांव बुरु रेंगरा में स्थित संदिग्धों के घरों की सघन तलाशी ली।

## केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई 5 सितंबर को

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में सीबीआइ की



गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई पांच सितंबर को करेगी, ताकि जवाबी हलफनामा दाखिल किया जा सके।

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
VERMA PRESS

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# तीसरी बार भी देश के सबसे लोकप्रिय सीएम बने योगी

एजेंसी



- मूड ऑफ द नेशन सर्वे में योगी को मिला 33 फीसदी से अधिक लोगों का समर्थन
- केजरीवाल को 13.8 प्रतिशत ममता को 9.1 % व स्टालिन को 4.7 प्रतिशत मत मिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभरे हैं।

प्रतिष्ठित मीडिया समूह के मूड ऑफ द नेशन सर्वे में योगी को नंबर वन सीएम के तौर पर जनता ने चुना है। देशभर में 1.36 लाख से अधिक लोगों के बीच हुए सर्वे में 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी को बेस्ट चीफ मिनिस्टर माना है। मूड ऑफ द नेशन सर्वे में देश के 30 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की जनता से सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के बारे में पूछे गये सवालों में आदित्यनाथ को सर्वाधिक मत मिले हैं। जनता से पूछा गया कि वो किसे सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री मानते हैं, इसपर 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नाम पर अपनी मुहर लगाई। इस सर्वे में केजरीवाल को मात्र 13.8 प्रतिशत लोगों ने लोकप्रिय माना है, जबकि ममता बनर्जी चीफ मिनिस्टर लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें 9.1 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया। वहीं चौथे नंबर पर एमके स्टालिन हैं, जिन्हें 4.7 प्रतिशत मत मिला। पांचवें नंबर पर चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया।

